जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 15 फरवरी, 2026


# 6 मिनट दूर नहीं
# 6 गुना ज्यादा सुरक्षित

## 6 लेयर सिक्योरिटी
## 60 एमेनीटीज़

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

**कोठी** ₹4700/ Sq Ft से शुरू

**वॉक-अप अपार्टमेंट** ₹4000/ Sq Ft से शुरू

### FIXED PRICE & RENTAL


| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.20 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.50 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट




KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**गुणों से ही मनुष्य महान होता है, ऊँचे आसन पर बैठने से नहीं। महल के ऊँचे शिखर पर बैठने मात्र से कौवा गरूड़ नहीं हो सकता। –चाणक्य**

# आयुर्वेद के रसायन मानवता के लिये वरदान हैं

आज की चर्चा एक बार पुनः आयुर्वेद के रसायनों पर है। जैसा कि पहले चर्चा की जा चुकी है, जीवन में एक ऐसा समय आता है जब कितना ही बुद्धिमान डॉक्टर हो या कितनी ही बढ़िया चिकित्सा हो, रोग ठीक करना मुश्किल हो जाता है। यदि व्यक्ति का बल और मांस क्षीण हो जाये तो ऐसा भान होने लगता है जैसे आयु पूरी हो चुकी है। कोई महाव्याधि अचानक निवर्तित हो जाये व भोजन से मिलने वाले लाभ मिलना भी बंद हो जायें तो भी यही स्थिति बनती है (देखें, सु.सू.32.7-8): चिकित्स्यमानः सम्यक च विकारो योऽभिवर्धते। प्रक्षीणबलमांसस्य लक्षणं तद्गतायुषः।। निवर्तते महाव्याधिः सहसा यस्य देहिनः। न चाहारफलं यस्य दृश्यते स विनश्यति।। जानी-मानी व बहुत लोगों पर सफल और बढ़िया तैयार औषधि भी यदि किसी व्यक्ति में वांछित प्रभाव ना दे पा रही हो तो व्यक्ति को गैर-उपचार योग्य श्रेणी में माना जाता है। चिकित्सक की सलाह से तैयार कर दिये गये भोजन का वांछित परिणाम नहीं मिल रहा हो, तो चिंताजनक स्थिति मानी जाती है (देखें, च.इ.12.7-8): विज्ञातं बहुशः सिद्धं विधिवच्चावचारितम्। न सिध्यत्योषधं यस्य नास्ति तस्य चिकित्सितम्।। आहारमुपयुञ्जानो भिषजा सूपकल्पितम्। यः फलं तस्य नाप्नोति दुर्लभं तस्य जीवितम्।। बात यहाँ अति-कठिन परिस्थिति की है।

वस्तुतः आयुर्वेद के दृष्टिकोण से माना जाता है कि जब मृत्यु का समय निकट आता है तो कुछ अरिष्ट प्रकट होते हैं (देखें, च.इ.2.5): न त्वरिष्टस्य जातस्य नाशोऽस्ति मरणादृते। मरणं चापि तन्नास्ति यन्नारिष्टपुरःसरम्।। किन्तु माना यह भी जाता है कि अरिष्ट को निर्विवाद रूप से पहचानने में त्रुटि भी हो सकती है (देखें, च.इ.2.6): मिथ्यादृष्टमरिष्टाभमनरिष्टमजानता। अरिष्टं वाऽप्यसम्बुद्धमेतत् प्रज्ञापराधजम्।। कहने का तात्पर्य यह है कि हो सकता है वास्तव में अरिष्ट प्रकट ना हुआ हो, फिर भी त्रुटिवश प्रकट हुआ मान लिया जाये।

अतः यदि भ्रम की स्थिति हो तो चिकित्सा की जाये या नहीं? यदि हाँ, तो कैसी चिकित्सा उपयुक्त हो सकती है? मेरे विचार से अरिष्ट की सही या गलत पहचान के पचड़े से बाहर निकलकर चिकित्सा करना ही उचित है। ऐसे अनेक लोग हैं जिन्हें अंतिम स्थिति में पहुंचा हुआ मानकर धरती पर लिटाकर तुलसी और गंगाजल खिला-पिला दिया गया। गाय की बछिया की पूँछ पकड़ा कर दान-पुण्य भी करा दिया गया। पर वे फिर उठ खड़े हुये और कई साल चले। इसलिये जब तक प्राण हैं, चिकित्सा करना उपयोगी है।

अब प्रश्न यह है कि ऐसी कौन सी चिकित्सा है जो अरिष्ट निवारण में सक्षम हो सकती है? वैसे तो अरिष्ट-निवारण की सामर्थ्य कम ही व्यक्तियों में होती है, तथापि यह असंभव नहीं है। अरिष्ट प्रकट होने के बाद भी युक्ति-व्यपाश्रय, सत्त्वावजय और दैव-व्यपाश्रय की त्रिवेणी में की गयी चिकित्सा मृत्यु को टाल सकती है। इसका संकेत वैज्ञानिक-महर्षि आचार्य सुश्रुत ने दिया है। रिष्ट उत्पन्न होने पर मृत्यु निश्चित है, तथापि मानस दोषों से मुक्त विद्वान के द्वारा या रसायन, तप, और जप में पारंगत व्यक्ति द्वारा मृत्यु का निवारण किया जा सकता है (देखें, सु.सू.28.5): ध्रुवन्तु मरणं रिष्टे ब्राह्मणैस्तत् किलामलैः। रसायनतपोजप्यतत्परैर्वा निवार्य्यते।। कठिन रोगों की स्थिति में भी बचने की संभावना यहाँ साफ़ दृष्टिगोचर है।

क्या वास्तव में रसायन इतने उपयोगी और प्रभावी हैं? संहिताओं, शोध और अनुभव तीनों में ही इस प्रश्न का उत्तर धनात्मक ही मिलता है। आइये पहले संहिताओं के वे प्रमाण देखते हैं जो केवल कठिन रोगों व परिस्थितियों के सन्दर्भ में हैं। पहला प्रमाण आचार्य सुश्रुत के उस कथन से मिलता है जिसमें रोगों की सूची देते हुये संकेत किया गया है कि ये रोग रसायन के बिना असाध्य हो जाते हैं (देखें, सु.सू.33.3): ये जुष्टा व्याधयो यान्त्यवार्यताम्। रसायनाद्विना वत्स तान् शृण्वेकमना मम।। इस संदर्भ से यह संकेत तो स्पष्ट है ही कि रसायन से रोगों को उन अवस्थाओं में जाने से रोका जा सकता है जहां वे चिकित्सा की दृष्टि से असाध्य हो जाते हैं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि रसायन असाध्य रोगों को भी साध्य बनाते हुये चिकित्सा में मददगार हो सकते हैं। उदाहरण के लिये, हालाँकि कुष्ठ और प्रमेह असाध्य होते हैं, पर आचार्य सुश्रुत ने स्वयं एक ऐसा योग दिया है जो असाध्य कुष्ठ और प्रमेह को भी ठीक कर देता है (सु.चि. 10.12): एषौषधायस्कृतिरसाध्यं कुष्ठं प्रमेहं वा साधयति। वस्तुतः यह उस सिद्धान्त की विजय है जिसमें आचार्य चरक ने चिकित्सा की सफलता में युक्ति को सर्वोपरि माना है। यहाँ निहितार्थ यह है कि यदि रसायन चिकित्सा की जाये तो ये रोग असाध्य नहीं हो पाते। आधुनिक वैज्ञानिक शोध में रसायन उसी प्रकार उपयोगी पाये गये हैं जैसा कि आचार्य सुश्रुत ने निर्दिष्ट किया है। दूसरा प्रमाण, चरकसंहिता की टीका में चक्रपाणि द्वारा महर्षि अगस्त्य को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि रसायन, तप व जप में सिद्ध महान लोग काल मृत्यु को भी जीत लेते हैं, पर आलसी आदमी नहीं (देखें, च.सू.1.62 पर चक्रपाणि.): रसायनतपो जापयोगसिद्धैर्महात्मभिः। कालमृत्युरपि प्राज्ञैर्जीयते नालसैर्नरैः।। तीसरा प्रमाण महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक द्वारा सोसायटल कोलैप्स या जनपदोध्वंश की स्थिति-हवा, पानी, मिट्टी और ऋतुओं के प्रदूषित हो जाने से उत्पन्न महामारियों-में पंचकर्म व रसायनों के द्वारा समस्या निवारण हेतु सुझाया गया रास्ता है (देखें, च.वि.3.13-14): येषां न मृत्युसामान्यं सामान्यं न च कर्मणाम्। कर्म पञ्चिवधं तेषां भेषजं परमुच्यते।। रसायनानां विधिवच्चोपयोगः शस्यते। शस्यते देहवृत्तिश्च भेषजैः पूर्वमुद्धतैः।।रसायन द्रव्यों के साथ ही अद्रव्य रसायन भी हैं जो सत्त्वावजय और दैव-व्यपाश्रय चिकित्सा में मददगार हैं। उदाहरण के लिये दान, विनम्रता, दया, सत्य, ब्रह्मचर्य, कृतज्ञता, मित्रता, रसायन व अच्छे कार्य सब उम्रवर्धक हैं (अ.हृ.शा.3.120): दानशीलदयासत्य ब्रह्मचर्यकृतज्ञताः। रसायनानि मैत्री च पुण्यायुर्वृद्धिकृद्गणः।।

**हाल में हुये एक क्लीनिकल ट्रायल में पाया गया कि आमलकी रसायन के प्रयोग से डी.एन.ए.स्ट्रैंड में तोड़फोड़ की गति कम होती है तथा रिपेयर मैकेनिज्म तेज हो जाती है। यह रसायन सुरक्षित भी पाया गया है। एक अन्य अध्ययन में, जो 45-60 वर्ष के लागों के मध्य किया गया, पाया गया है कि आमलकी रसायन का प्रयोग रक्त की परिफेरल ब्लड मोनोन्यूलियर सेल्स में टीलोमीयर की लम्बाई में बदलाव किये बिना टीलोमेरेज क्रियात्मकता को बढ़ा देता है। इससे चूंकि टीलोमियर के क्षरण में कमी आती है, अतः हैल्थस्पान में बेहतरी होती है।**

संहिताओं के साथ ही आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों से भी रसायनों की क्रियात्मकता के ठोस प्रमाण मिल रहे हैं। मेरे ज्ञान में रसायन योगों पर 2100 शोधपत्र और एकल रसायनों पर कम से कम 5000 शोधपत्रों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसमें रसायनों की त्रिदोष-नियामकता पर ठोस प्रश्नचिन्ह लगाया हो। आइये कुछ उदाहरण देखते हैं।

उम्र-आधारित रोगजनन का एक प्रमुख कारण डी.एन.ए. रिपेयर मैकेनिज्म में गड़बड़ी होना माना जाता है। जीवित कोशिकाओं के गुणसूत्रों में पाये जाने वाले तंतुनुमा अणु को डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड या डी.एन.ए.कहा जाता है। इसी में अनुवांशिक कोड निहित रहता है। जैसे-जैसे डी.एन.ए. डैमेज का बोझ बढ़ता जाता है, शरीर बुढ़ापे की ओर बढ़ता जाता है। इस कारण अनेक समस्यायें जैसे–कैंसर, न्येरोडीजेनरेशन और बढ़ती उम्र के कारण होने वाली अनेक व्याधियां विकसित हो जाती हैं। शरीर की कोशिकाओं द्वारा डी.एन.ए. डैमेज केसंकेत प्राप्त करना और टूट-फूट की मरम्मत करने की क्षमता उम्र के साथ घटती जाती है। इसीलिये बढ़ती उम्र में अनेक रोग लग जाते हैं।

तो क्या आयुर्वेद के रसायन बढ़ती उम्र के लोगों में डी.एन.ए. रिपेयर मैकेनिज्म की गति को बढ़ा सकते हैं? इस विषय में कई अध्ययनों से यह सिद्ध होता है कि रसायन औषधियाँ डी.एन.ए. रिपेयर की गति को बढ़ाकर बुढ़ापा आने की गति को धीमा कर देती हैं। हाल में हुये एक क्लीनिकल ट्रायल में पाया गया कि आमलकी रसायन के प्रयोग से डी.एन.ए.स्ट्रैंड में तोड़फोड़ की गति कम होती है तथा रिपेयर मैकेनिज्म तेज हो जाती है। यह रसायन सुरक्षित भी पाया गया है। एक अन्य अध्ययन में, जो 45-60 वर्ष के लागों के मध्य किया गया, पाया गया है कि आमलकी रसायन का प्रयोग रक्त की परिफेरल ब्लड मोनोन्यूलियर सेल्स में टीलोमीयर की लम्बाई में बदलाव किये बिना टीलोमेरेज क्रियात्मकता को बढ़ा देता है। इससे चूंकि टीलोमियर के क्षरण में कमी आती है, अतः हैल्थस्पान में बेहतरी होती है। एक तीसरा उदाहरण अश्वगंधाा का दिया जा सकता है। कुल 50 स्वस्थ खिलाड़ियों के मध्य किये गये क्लीनिकल ट्रायल में यह पाया गया है कि अश्वगंधा की जड़ों का एक्सट्रैक्ट कार्डियोरेस्पायरेटरी सहनशीलता को बढ़ा देता है। इसके अलावा अनेक इनवाइट्रो, इन वाईवो और क्लिनिकल अध्ययन में अश्वगंधा और आमलकी सहित तमाम रसायनों द्वारा कैंसर, मधुमेह, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियाँ, मानसिक बीमारियों तथा अपर-रेस्पायरेटरी-ट्रैक्टसंक्रमण से बचाव होता है। एक प्रमाण-आधारित तथ्य यह भी है कि आयुर्वेद के रसायनों से बेहतर एंटी-एंग्जाइटी व वाजीकर से बेहतर एंटी-डिप्रेशेंट औषधि कोई नहीं है। बुढ़ापा आने का एक कारण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन का बढ़ना भी है। रसायन द्रव्यों के उपयोग करते रहने से शरीर का व्याधिक्षमत्व बढ़ता है तथा ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन में कमी होती है।

उत्तम बात यह है कि कुछ ऐसे द्रव्य हैं जो आहार, रसायन और औषधि, तीनों ही प्रकारों में वर्गीकृत हैं। फल व सूखे मेवे, खजूर, द्राक्षा, मुनक्का, बादाम, तिल, आँवला, लहसुन, सोंठ, कालीमिर्च, पिपली, हल्दी, केसर, जीरा, धनिया, मूंग, जल, दूध, घी, तुलसी, शहद, गुड़, त्रिकटु एवं त्रिफला आदि ऐसे द्रव्य हैं जिनके युक्तिपूर्वक सेवन के लिये किसी क्लिनिकल ट्रायल का इंतज़ार करने की आवश्यकता नहीं है। संहिता, साइंस और अनुभव सब इन द्रव्यों के पक्ष में हैं।

मृत्यु की तिथि तय नहीं है, अपितु प्राणियों की आयु युक्ति की अपेक्षा रखती है (च.वि. 3.29: भूतानामायुर्युक्तिमपेक्षते। युक्ति से उम्र बढ़ सकती है। असल में युक्तिव्यपाश्रय आचार्य चरक द्वारा आयुर्वेदाचार्यों पर किये गये विश्वास की पराकाष्ठा है। चिकित्सा में सफलता युक्ति पर निर्भर है (च.सू. 2.16): सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। जब सफलता युक्ति पर आश्रित हो तो साध्य-असाध्य या अरिष्ट की जाँच-परख से ज्यादा महत्त्व युक्ति के प्रयोग पर दिया जाना चाहिये। और इस युक्ति में रसायन महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। इसलिये मेरा मानना है कि आयुर्वेदाचार्यों की देखरेख में लिये जाने वाले रसायन मौत के मुंह से निकाल लाने की क्षमता रखते हैं। रसायनों की क्षमताओं को पहचानिये। रसायन जरा-व्याधि का नाश तो करते ही हैं, जीवन का नाश भी रोक सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंगप्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# राजस्थान में डबल इंजन की रफ्तार: समन्वित नेतृत्व से तेज़ विकास की नई इबारत



**राजेंद्र गहलोत**

राजस्थान की राजनीति और विकास यात्रा के वर्तमान अध्याय में डबल इंजन सरकार केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि नीतिगत समन्वय और संसाधनों के अधिकतम उपयोग का व्यावहारिक मॉडल बनकर उभरा है। एक ओर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 और दूसरी ओर राज्य में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में घोषित राजस्थान बजट 2026-27 दोनों मिलकर विकास की ऐसी समवेत धारा बना रहे हैं, जिसका प्रभाव प्रदेश के गांव से लेकर महानगर तक स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में राजस्थान को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में 90,445 करोड़ रुपये मिलना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। पिछले वर्ष की तुलना में 6,505 करोड़ रुपये की वृद्धि यह दर्शाती है कि वित्तीय संघवाद की भावना के अनुरूप राज्यों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनकम टैक्स से 32,187 करोड़ रुपये और कॉर्पोरेट टैक्स से 26,550 करोड़ रुपये का अनुमानित हिस्सा यह संकेत देता है कि औपचारिक अर्थव्यवस्था के विस्तार का लाभ राजस्थान तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। इन केंद्रीय संसाधनों का समन्वय राज्य के 6,10,956 करोड़ रुपये के विशाल बजट से होता है। यह वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। नीति, पूंजी और क्रियान्वयन की एकरूपता डबल इंजन का वास्तविक अर्थ है। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2047 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। यह लक्ष्य केवल महत्वाकांक्षी नहीं, बल्कि ठोस आधार पर आधारित है। राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 21.52 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख रुपये से अधिक होने की संभावना है। यह संकेत है कि विकास केवल कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों की जेब तक पहुंच रहा है।

केंद्र का विजन 2047 और राज्य का 4.3 ट्रिलियन लक्ष्य दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 12.2 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और राज्य स्तर पर 53,978 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय का प्रावधान से सड़क, रेल, जल, ऊर्जा और डिजिटल ढांचे में व्यापक परिवर्तन संभव होता है। केंद्रीय स्तर पर लॉजिस्टिक्स, रेल और राष्ट्रीय राजमार्गों में निवेश तथा राज्य स्तर पर सड़क, शहरी विकास और जल परियोजनाओं में पूंजीगत व्यय का संयोजन प्रदेश के औद्योगिक और कृषि विकास को नई गति दे रहा है।

जल जीवन मिशन के लिए 67,600 करोड़ रुपये का राष्ट्रीय प्रावधान और राज्य में यमुना जल परियोजना (32,000 करोड़ रुपये) तथा रामजल सेतु लिंक परियोजना (26,000 करोड़ रुपये) जैसे प्रयास मिलकर जल संकटठास्त क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। यह समन्वय ही डबल इंजन की असली ताकत है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई सेक्टर की ऐतिहासिक भूमिका रही है। केंद्रीय बजट में 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड और 2,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान ने उद्योग जगत में नई ऊर्जा भरी है। किशनगढ़ का मार्बल उद्योग, भीलवाड़ा का टेक्सटाइल क्लस्टर, जयपुर का जेम्स एंड ज्वेलरी क्षेत्र और अलवर का ऑटो कंपोनेंट उद्योग तकनीकी उन्नयन और पूंजी उपलब्धता से लाभान्वित होंगे।

राज्य स्तर पर निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक अवसंरचना का विस्तार इन केंद्रीय पहलों को जमीन पर उतारने में सहायक सिद्ध हो रहा है। निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित होना इसी समन्वित नीति का परिणाम है। राजस्थान बजट में शिक्षा के लिए 35 प्रतिशत वृद्धि कर 69,000 करोड़ रुपये का प्रावधान मानव संसाधन सशक्तिकरण की गंभीरता को रेखांकित करता है। 400 स्कूलों को सीएम राइज विद्यालयों के रूप में उन्नत करना और प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल स्थापित करने की केंद्रीय घोषणा, दोनों मिलकर बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को नई दिशा दे रहे हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में 32,526 करोड़ रुपये का प्रावधान, जयपुर में 500 बेड का आईपीडी टावर और आरयूएचएस में 200 बेड की बाल चिकित्सा सुविधा जैसे कदम गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की ओर संकेत करते हैं। केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों से चिकित्सा अवसंरचना में सुधार का सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। राज्य में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना और ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटरों के माध्यम से पारदर्शी भर्ती प्रणाली युवाओं के विश्वास को मजबूत करती है। पांच वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य की दिशा में 1 लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1.54 लाख पदों पर प्रक्रिया जारी है। केंद्र की स्किल डेवलपमेंट और स्टार्ट-अप योजनाएं राज्य की भर्ती और कौशल पहलों के साथ मिलकर युवाओं को अवसरों का व्यापक दायरा प्रदान कर रही हैं। यह जनसांख्यिकीय लाभांश को उत्पादक पूंजी में बदलने का प्रयास है। स्वयं सहायता समूहों की ऋण सीमा 1 करोड़ रुपये तक बढ़ाना और लखपति दीदी योजना में ऋण विस्तार महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल और महिला उद्यमिता योजनाएं सामाजिक सुरक्षा और सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन रही हैं। डबल इंजन मॉडल में सामाजिक न्याय और आर्थिक अवसर साथ-साथ चल रहे हैं।


राजस्थान की पहचान पर्यटन और विरासत से जुड़ी है। 2047 तक पर्यटन के जीडीपी योगदान को 10 प्रतिशत तक ले जाने का राष्ट्रीय लक्ष्य और राज्य स्तर पर जैसलमेर के ख़ुड़ी में अल्ट्रा लग्जरी टूरिज्म जोन तथा शेखावाटी की हवेलियों के पुनरुद्धार के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान पर्यटन को राजस्व के साथ रोजगार सृजन का माध्यम बना रहे हैं। डिजिटल नॉलेज ग्रिड, गाइड प्रशिक्षण और इको-टूरिज्म पहलें राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिला सकती हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व इस पूरी प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। प्रशासनिक अनुभव, वित्तीय अनुशासन और क्रियान्वयन पर जोर ने बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में गति दी है। राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन तथा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार से स्पष्ट है कि सरकार प्रशासनिक तंत्र को विकास का सहभागी मानती है।

राजस्थान में डबल इंजन सरकार का मॉडल यह प्रमाणित कर रहा है कि जब केंद्र और राज्य की नीतियां एक-दूसरे के पूरक बनती हैं, तो संसाधनों का बेहतर उपयोग और तेज विकास संभव होता है। केंद्रीय बजट से बढ़े संसाधन, राज्य बजट की संरचनात्मक प्राथमिकताएं, पूंजीगत निवेश में वृद्धि, मानव संसाधन पर फोकस और दीर्घकालिक विजन मिलकर राजस्थान को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।

**–राजेंद्र गहलोत, सदस्य राज्यसभा**

# आदिकाल से लाइफ मैनेजमेंट के सर्वश्रेष्ट गुरु भोलेनाथ से जुड़े रोचक रहस्य



**डॉ. जे.के. गर्ग**

हम सभी आत्म चिंतन करें जब शिवजी के परिवार में विरोधी स्वभाव के प्राणी भी प्रेमपूर्वक साथ साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो क्यों नहीं हम हमारे समाज एवं देश में बिना किसी भेदभाव के गिरे हुओं को, पिछड़े हुओं को, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को साथ लेकर चल सकते हैं? यह भी सत्य कि कुछ धर्मांध स्वार्थी पथभ्रष्ट तथाकथित धार्मिक मनुष्य मौका मिलने पर अपने निज स्वार्थ के खातिर समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को नष्ट करने के अंदर शामिल हो जाते है। शिव रात्रि के पावन पर्व हम सभी सनातन धर्मी भारत वाशी संकल्प लें कि हम समाज के विभिन्न धर्मालंबी लोगों के साथ मिलजुल कर रहेंगे एक-दूसरे का सम्मान करके प्रेम पूर्ण समंध बनायेगें। समाज के अंदर ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाने के लिये काम करेंगे। आदि काल के सर्वश्रेस्ठ मेनेजमेंट गुरु भोलेनाथ अपने परिवार के अंदर निवास करने वाले विपरीत स्वभाव वाले प्राणी बिच्छू, बैल और सिंह, मयूर एवं सर्प और चूहा जैसे घोर विरोधी स्वभाव के प्राणियों के साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो हम विभिन्न धर्मों के अनुयायियों हिदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, फ़ारसी, जैन देश वासियों को साथ लेकर क्यों नहीं जीवन व्यापन कर सकते हैं? सही मायने में भगवान शिव की सच्ची पूजा-आराधना तभी होगी जब हम उनकी शिक्षाओं को जीवन के अंदर धारण करके मिल-जुल कर प्रेमपूर्वक एक परिवार की भार्ती रहेंगे। ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय,ॐ नमः शिवाय।

भोलेनाथ जितने रहस्यमयी हैं उतनी ही उनकी वेश-भूषा भी अनूठी ही है, इसी के साथ भोले शंकर से जुड़े तथ्य भी उतने ही विचित्र और अनोखे हैं। भोलेनाथ शिव जी श्मशान में निवास करते हैं, भोलेनाथ गले में नाग धारण करते हैं, भांग व धतूरा ग्रहण करते हैं। सनातन धर्मी फाल्गुन के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी यानी 15 फरवरी 2026 को शिवरात्रि धूमधाम से मनाएंगे। जनसाधारण के मन में सवाल उत्पन्न होता है कि क्यों फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है? धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक ऐसा माना जाता है कि सृष्टि की रचना इसी दिन हुई थी। मध्य रात्रि में भगवान शंकर का ब्रह्मा से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन चतुर्दशी की अद्धर्रात्रि में भगवान शंकर लिंग के रूप में अवतरित हुए। चतुर्दशी तिथि के महानिशीथ काल में महेश्वर के निराकार ब्रह्म स्वरूप प्रतीक शिवलिंग का अविभार्व होने से भी यह तिथि महाशिवरात्रि के नाम से जानी जाती है। इसी दिन, भगवान विष्णु व ब्रह्मा के समक्ष सबसे पहले शिव का अत्यंत प्रकाशवान स्वरूप प्रकट हुआ था। कहा जाता है कि शिवरात्रि के दिन भगवान शिव और आदिशक्ति का विवाह हुआ था। मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान कालकेतु विष निकला था। भगवान शिव ने संपूर्ण ब्रह्मांड की रक्षा के लिए स्वयं ही सारा विष पी लिया था। इससे उनका गला नीला पड़ गया और तभी से शिवजी को नीलकंठ के नाम से जाना जाता है। भोले नाथ को सांसारिक होते हुये भी श्मशान का निवासी बोला जाता है इसके पीछे भी लाइफ मैनेजमेंट का महत्वपूर्ण रहस्य छिपा है।

जानिये कैसे? सच्चाई तो यही है कि संसार मोह-माया का प्रतीक है वहीं दूसरी तरफ श्मशान वैराग्य का प्रतीक है। प्रभु शिव कहते हैं कि आदमी को संसार में रहते हुए अपने कर्तव्य पूरे करने चाहिए वहीं साथ साथ मोह-माया से दूर भी रहना चाहिये। क्योंकि शरीर और संसार दोनों ही नाशवान है। एक न एक दिन यह सब कुछ नष्ट होने वाला है। इसलिए संसार में रहते हुए भी आदमी को किसी से मोह नहीं रखते हुए अपने कर्तव्य पूरे करने के साथ साथ एक बैरागी की तरह जीना चाहिये।

मन के अंदर सवाल उठता है कि शिवलिंग मंदिरों में बाहर क्यों होता है? निःसंदेह भोले नाथ जन साधारण के देवता हैं, इसीलिए भोलेनाथ वहां रहते हैं जहाँ छोटे-बड़े, जवान-बुजुर्ग आसानी से पहुंच सके। इसी मान्यता के कारण शिवलिंग को मन्दिरों में बाहर ही स्थापित किया जाता है जिससे बच्चे-बूढे-जवान जो भी जाए शिवलिंग को छूकर, गले मिल कर या फिर भगवान् के पैरों में पड़कर अपना दुखड़ा सुना कर हल्के हो सकते हैं। इसी वजह से शिवजी अकेले ही वो देव हैं जो गर्भ गृह में भक्तों को दूर से ही दर्शन देते हैं। शिवजी को भोग लगाने और अर्पण करने के लिए कुछ भी नहीं हो तो भक्त उन्हें पत्ता, फूल, या अंजलि भर के भोले नाथ को खुश कर सकता और उनकी पूजा-अर्चना कर सकता है।

निःसंदेह बेलपत्र भगवान शिव को बेहद प्रिय है और इसलिए शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाए बिना शिव की पूजा को पूर्ण नहीं माना जाती है। बेलपत्र में तीन पत्तियां हैं जिसको लेकर कई तरह की धारणाएं विध्यमान हैं। बेलपत्र में तीन पत्तियों को त्रिदेव (सृजन, पालन और विनाश के देव ब्रह्मा, विष्णु और शिव) माना गया है तो कहीं सत्व, रज और तम गुण का परियाचक माना जाता है। ध्यान देने योग्य बात है कि कहीं बेलपत्र में तीन पतियों को तीन आदि ध्वनियां जिनकी सम्मिलित गूंज से ऊं बनता है का प्रतीक माना गया है। बेलपत्र की इन तीन पत्तियों को महादेव त्रिनेत्र और भोलेनाथ के हथियार त्रिशूल का भी प्रतीक माना जाता है। शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से एक पौराणिक कथा भी जुड़ी हुयी है। समुद्र मंथन के समय जब विष निकला तो भगवान महादेव ने पूरी सृष्टि को बचाने के लिए ही इस विष को पीकर अपने कंठ में धारण कर लिया जिसके के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और उनका पूरा शरीर अत्यधिक गर्म हो गया जिसकी वजह से आसपास का वातावरण भी जलने लगा। शिवलिंग पर हमेशा तीन पत्तियों वाला ही अर्पित करना चाहिये एवं बेलपत्र चढ़ाते समय 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करना जरूरी है।

भोले नाथ को आक, धतूरा, भांग आदि शिव को चढ़ाने की जो परिपाटी है, उसके पीछे यही तथ्य छिपा है कि प्रत्येक वस्तु और व्यक्ति के अंदर अच्छे-बुरे दोनों पहलू होते हैं, इन नशीले और विषाक्त पदार्थों को शिव को अर्पित करने का अर्थ हुआ उनके दूवारा शिव-शुभ (औषधीय गुण) को स्वीकार करना किन्तु उनकी अशुभ-व्यसन प्रवर्ती का त्याग कर देना। लाइफ मैनेजमेंट के अनुसार, भगवान शिव को भांग धतूरा चढ़ाने का अर्थ है अपनी बुराइयों को भगवान को समर्पित करना। यानी अगर आप किसी प्रकार का नशा करते हैं तो इसे भगवान को अर्पित करे दें और भविष्य में कभी भी नशीले पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लें। ऐसा करने से भगवान की कृपा आप पर बनी रहेगी और जीवन सुखमय होगा।

शिवरात्रि व्रत मनाने का अधिकार ब्राह्मण से लेकर चंडाल तक सभी को है। भोले बाबा के लिए सब एक समान हैं। भगवान शिव महायोगी भी कहलाते हैं, उन्होंने योग साधना के द्वारा अपने जीवन को पवित्र किया है, वे असीमित गुणों के अक्षय भंडार हैं।

जहाँ बैल को खामोश एवं उत्तम चरित्र समर्पण भाव वाला बताया गया है, वहीं दुसरी तरफ बैल बल और शक्ति का भी प्रतीक है।जिस तरह गायों में कामधेनु को श्रेष्ठ माना जाता है उसी प्रकार बैलों में नंदी श्रेष्ठ है। यही सभी कारण रहे हैं जिसके कारण भगवान शिव ने बैल को अपना वाहन बनाया। पौराणिक कथा अनुसार शिलाद ऋषि ने शिव की तपस्या के बाद नंदी को पुत्र रूप में पाया था। नंदी को उन्होंने वेद आदि समस्त ग्रन्थों का ज्ञान प्रदान किया। एक दिन शिलाद ऋषि के आश्रम में मित्र और वरुण नाम के दो दिव्य संत पधारे और नंदी ने पिता की आज्ञा से उनकी खुब सेवा की जब वे जाने लगे तो उन्होंने ऋषि को तो लंबी उम्र और खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया लेकिन नंदी को नहीं। तब शिलाद ऋषि ने उनसे पूछा कि उन्होंने नंदी को आशीर्वाद क्यों नहीं दिया? तब संतों ने कहा कि नंदी अल्पायु है। यह सुनकर शिलाद ऋषि चिंतित हो गए। पिता की चिंता को नंदी ने भांप कर पूछा–'क्या बात है?' तो पिता ने कहा कि–'तुम्हारी अल्पायु के बारे में संत कह गए हैं इसीलिए चिंतित हूं।' यह सुनकर नंदी हंसने लगा और कहने लगा कि 'आपने मुझे भगवान शिव की कृपा से पाया है तो मेरी उम्र की रक्षा भी वहीं करेंगे आप क्यों नाहक चिंता करते हैं।' इतना कहते ही नंदी भुवन नदी के किनारे शिव की तपस्या करने के लिए चले गए। कठोर तप के बाद शिवजी प्रकट हुए और कहा 'वरदान मांगों वत्स।' तब नंदी के कहा कि 'मैं जिंदगी भर आपके ही सानिध्य में रहना चाहता हूं।' नंदी के समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने नंदी को पहले अपने गले लगाया और उन्हें बैल का चेहरा देकर उसको अपने वाहन, अपना दोस्त, अपने गणों में सर्वोत्तम के रूप में स्वीकार कर लिया।

सही मायने में भगवान शिव की सच्ची पूजा आराधना तभी होगी जब हम उनकी शिक्षाओं को जीवन के अंदर धारण करके मिल जुल कर प्रेमपूर्वक एक परिवार की भार्ती रहगें। ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय,ॐ नमः शिवाय।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

## राशिफल रविवार 15 फरवरी, 2026



**पंडित अनिल शर्मा**


फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र सायं 7:48 तक, व्यतिपात योग रात्रि 2:47 तक, वणिज करण सायं 5:05 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।


**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 7:48 तक है। भद्रा सायं 5:05 से आरम्भ होगी। आज महा शिवरात्रि व्रत, व्यतिपात पुण्यं, कृत्ति वासेश्वर दर्शन और पूजा है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:31 से 9:54 तक, लाभ-अमृत 9:54 से 12:41 तक, शुभ 2:04 से 3:28 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 6:14


### मेष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।


### वृष

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मिथुन

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।


### सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।


### कन्या

घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।


### तुला

महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों से संपर्क बनेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


### वृश्चिक

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आज नये-पुराने मित्रों से संपर्क हो सकता है।

### धनु

घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**The Tangled Web Of The Middle East**

What began as a diplomatic rupture has hardened into a regional power contest with direct consequences for US strategy from Gaza to the Eastern Mediterranean and to the Horn of Africa

**Understanding Modal, Viscose, Bemberg, and Rayon**

**A Man Named Ranchhodas Pagi**

# अमेरिका व यूरोप के बीच कुछ मेल मिलाप की स्थिति बनी?

## अमेरिका के ''सेक्रेटरी ऑफ स्टेट'' (विदेश मंत्री) मार्क रूबियो के वक्तव्य से उन रिश्तों में कुछ मिठास लौटी

- लगभग एक साल से यूरोप व अमेरिका के बीच रिश्तों में कुछ खटास आ गई, जब से अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि अब समय आ गया है कि यूरोप अपनी सुरक्षा की स्वयं ही जिम्मेवारी संभाले। उपराष्ट्रपति वैंस ने यह भी कहा था कि अमेरिका अब यूरोप की सुरक्षा का खर्चा नहीं उठायेगा।
- मार्क रूबियो ने उपराष्ट्रपति की टिप्पणी को काटा तो नहीं, पर, बड़े मीठे शब्दों में कहा कि अमेरिका यूरोप की ''संतान'' है। अमेरिका बिना यूरोप के कुछ भी नहीं। अमेरिका का केवल ढाई सौ साल पुराना इतिहास है, न ही पुराना साहित्य और न ही यूरोप जैसा आर्किटैक्चर (स्थापत्य कला) की पृष्ठभूमि है।
- ट्रंप की ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने की स्कीम ने भी यूरोपीय देशों को निद्रा से जगा दिया और यूरोपीय देशों को आपस में व्यापारिक रिश्ते बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणा को और मजबूती मिली ''रूसो फोबिया'' (रूस से भयभीत होने की आदत) से।
- मार्क रूबियो के ठंडे ''छीटों'' से यूरोप ने कुछ आराम तो महसूस किया, पर, अमेरिका व यूरोप के मौलिक मतभेद फिर भी बरकरार हैं।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 फ़रवरी। वार्षिक म्यूनिख सिक्युरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी) जो दुनिया का सबसे प्रभावशाली और ताकतवर सुरक्षा मंच बन चुका है, में अमेरिका और यूरोप जैसे सहयोगियों के बीच रिश्तों में कुछ नरमी देखने को मिली।

पिछले साल के सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने यूरोप के नेताओं को चौंका दिया था। उन्होंने यूरोप की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में उसकी पूरी तरह नाकामी की कड़ी आलोचना की थी। वेंस ने यह भी कहा था कि यूरोप अपनी सोच और नीतियों के कारण सभ्यता के मिटने के करीब पहुंच गया है।

वेंस के भाषण के बाद, एक साल तक द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे करीबी सहयोगी रहे यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में दूरी बढ़ने लगी थी। अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि वे अब यूरोप की सुरक्षा का पूरा खर्च नहीं उठाएगा।

इस साल के सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने ज्यादा नरम रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप एक साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि अमेरिका, यूरोप की ही संतान है। पिछले साल वेंस की कड़ी आलोचना के बाद रुबियो का भाषण यूरोपीय देशों के लिए राहत देने वाला रहा।

संभवत: वैलेंटाइन डे के मौके पर रुबियो उस महाद्वीप को नाराज नहीं करना चाहते थे जिसे कभी अमेरिका का ''मातृ देश'' कहा जाता था। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप को अपने मूल मूल्यों और सभ्यतागत जुड़ाव को फिर से मजबूत करना चाहिए, जिसने दोनों को साथ जोड़ा था।

आखिर यूरोप के बिना अमेरिका क्या है, उसका इतिहास 250 साल से ज्यादा पुराना नहीं है, उसके पास यूरोप जैसी साहित्यिक परंपरा नहीं है और न ही यूरोप जैसी वास्तुकला, संगीत या युद्धों का इतिहास है।

कुल मिलाकर, मार्क रुबियो ने यूरोपीय उदारवादी देशों और अमेरिका के बीच सोच के बुनियादी अंतर को बनाए रखा। इन यूरोपीय देशों का प्रतिनिधित्व फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज जैसे नेता करते हैं।

अमेरिकी मूल्यों में ईसाई धर्म और यूरोप की विरासत को बचाने के लिए इमिग्रेशन पर अंकुश लगाना शामिल है। ये विचार भले ही अभिजात्य वर्ग से दूर हों, पर दक्षिणपंथियों के अनुकूल हैं।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'पिच से ज्यादा तनाव पिच के बाहर होता है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर बेहद चतुराई से जवाब दिया।

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से पहले का माहौल हमेशा की तरह

- पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर गोल-मोल जवाब दिया।

बेहद रोमांचक है, लेकिन मैदान के बाहर तनाव अक्सर ज्यादा भारी महसूस होता है।

कोलंबो में इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से भरे हॉल में खड़े पाकिस्तान कप्तान सलमान अली आगा आक्रामक से ज्यादा चिंतनशील नज़र आए। उन्होंने सिर्फ रणनीति की ही बात नहीं की, बल्कि क्रिकेट के उस सीधे, सरल दौर की वापसी की इच्छा जताई, जब दर्शकों का शोर खेल के लिए होता था, न कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों के लिए।

जब उनसे पूछा गया कि यदि भारतीय खिलाड़ी आगे बढ़कर हाथ मिलाने की पहल करें तो क्या वे तैयार

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'कट्टरपंथी हिंदुत्व व भारत में शेख हसीना की उपस्थिति से असहज है बांग्लादेश'

## बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने एक इन्टरव्यू में भारत-बांग्लादेश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों में दो बाधाएं गिनाईं

- तारिक रहमान के अनुसार, शेख हसीना ने 1500 व्यक्तियों को मरवा कर, भारत में पनाह ली है।
- तारिक रहमान के अनुसार, पाकिस्तान में भी धार्मिक कट्टरपंथी विचार पनप रहे हैं, इन कट्टरपंथी सोच पर नियंत्रण रखने के लिए, भारत व बांग्लादेश में आपसी सहयोग व जानकारियां साझा करने की जरुरत है।
- भारत को यह ज्ञात होना चाहिए कि शेख हसीना व अवामी लीग का अब कोई अस्तित्व नहीं है बांग्लादेश में तथा अब बांग्लादेश स्वतंत्र विदेश नीति अपनाना चाहता है। पिछले 15 वर्षों में बांग्लादेश की विदेश नीति पूर्णतया भारत की विदेश नीति का अनुसरण करती आई है पर अब बांग्लादेश एक संतुलित विदेश नीति अपनाना चाहता है।
- पर, विदेश नीति से ज्यादा भावी प्र.मंत्री की प्राथमिकता होगी बांग्लादेश को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना। इस ''डोमैस्टिक प्राथमिकता'' के पूर्ण होने पर बांग्लादेश के प्र.मंत्री, मोदी के निमंत्रण पर भारत आएंगे।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 फरवरी। हाल ही में हुए चुनाव में भारी जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत के सामने दो अहम चिंताएं उठाई हैं। पहला, दक्षिण एशिया में बढ़ते कट्टरपंथ और भारतीय समाज में हिंदू उग्रवाद तथा अतिदक्षिणपंथी असहिष्णुता का मुद्दा। दूसरा, दोनों देशों के बीच रिश्तों को फिर से ठीक करना, जिसमें भारत को ''शेख हसीना जैसे आतंकी को रोकने की ज़रुरत को समझने की ज़रुरत बताई गई है, जिनपर 1500 या इससे ज्यादा लोगों की हत्या का आरोप है, और जो भागकर भारत आ गई हैं।

बीएनपी अध्यक्ष और संभावित बांग्लादेश प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने बढ़ते कट्टरपंथ के मुद्दे को सामान्य रूप में उठाया। उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश में मौजूद उग्रवादी तत्वों का भी जिक्र किया, हालांकि उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में इसका स्तर कम है। उन्होंने कहा, इसी कारण हमें आतंकवाद विरोधी सबूत और आकलन साझा करने तथा सहयोग मजबूत करने की ज़रुरत है। इस सोच में बदलाव लाने के लिए कबीर ने जिम्मेदारी भारत पर डालते हुए कहा कि ''भारत को समझना चाहिए कि

( शेष पृष्ठ 4 पर )




| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~3.8 Yrs | ~11.1 Yrs | ✓ Faster recovery |

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Delhi as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

# झोपड़ी में चल रही एमडी ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड

## प्रतापगढ़ पुलिस ने मौके से 1.897 किलो ड्रग्स जब्त की, जिसकी कीमत करीब 1.60 करोड़ रु. हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रतापगढ़ जिला पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मौत का सामान बनाने वाली एक मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त किया है। पुलिस ने खेत में बनी एक झोपड़ी से भारी मात्रा में अवैध एमडी (मेफेड्रोन) और हथियार बरामद कर अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का पर्दाफाश किया है।

■ पुलिस ने मुख्य आरोपी मुराद खान के कब्जे से एक लोडेड पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस भी जब्त किए

जिला पुलिस अधीक्षक बी.आदित्य के निर्देशन में हथुनिया थाना पुलिस ने असावता-कुलथाना मार्ग पर एक सुनसान खेत में दबिश दी। यहाँ एक सीमेंट की चद्दरों वाली झोपड़ी में नशीली दवा बनाने का आधुनिक मिनी सेटअप चल रहा था। पुलिस ने मौके से 1 किलो 897 ग्राम अवैध एमडी जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.60 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मौके से ड्रग्स बनाने के उपकरण जैसे इंडक्शन कुकर, मिक्सर, हीटर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से मुराद खान पठान (28) निवासी असावता, प्रतापगढ़ और मोहम्मद जुनेद (48) निवासी मेहसाणा, गुजरात को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि ये आरोपी पिछले दो दिनों से यहाँ ड्रग्स तैयार कर रहे थे। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर जीवन आंजना निवासी प्रतापगढ़ और शरीक उर्फ जेरी निवासी उज्जैन, म.प्र. फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

पुलिस की इस दबिश में न केवल ड्रग्स, बल्कि अवैध हथियार भी बरामद हुए हैं। मुख्य आरोपी मुराद खान के कब्जे से एक लोडेड पिस्टल और 05 जिंदा कारतूस मिले हैं। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक यामाहा मोटरसाइकिल और एक कार को भी पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। मुराद खान पहले से ही हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा और वृत्ताधिकारी गजेंद्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने इस पूरी रेड का नेतृत्व किया। टीम में एएसआई मनोहर सिंह, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल मुकेश, गिरीश चन्द, भगवती लाल और चालक गणपत की विशेष भूमिका रही।

## जयपुर में 29 ग्राम एमडी के साथ युवक गिरफ्तार

**जयपुर** । राजधानी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से करीब 29.28 ग्राम एमडी बरामद की गई है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को दौलतपुरा थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । टीम को सूचना मिली कि एनएच-48 पर देव नारायण ढाबे के सामने सर्विस रोड पर एक संदिग्ध युवक मादक पदार्थ की तस्करी के लिए खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी तनिष्क शर्मा (24) निवासी झोटवाड़ा को दबोच लिया।

पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आरोपी यह नशा कहां से लाया था और जयपुर में इसे किसे सप्लाई करने वाला था। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा के साथ उपनिरीक्षक प्रभुराम, हेड कांस्टेबल किशन लाल, कांस्टेबल रामदयाल, ओमप्रकाश, कमलेश, हजारी लाल और जितेंद्र की मुख्य भूमिका रही ।

## शादी समारोह में लाखों रुपए के गहने-नकदी भरा बैग चोरी

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में शादी समारोह के दौरान अज्ञात नकबजन लाखों रुपयो के गहने व नकदी भरा बैग चोरी कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित तुरंत थाने पहुंचा और अज्ञात नकबजन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक लुधियाना निवासी व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ जयपुर आए थे। समारोह थाना इलाके में स्थित दा ओएसिस रिसोर्ट में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पीड़ित ने अपना बैग पास की एक कुर्सी पर रख दिया। कुछ ही देर में बैग गायब हो गया। काफी तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिला, तो रिसोर्ट के कैमरों की जांच की गई। जिसमें अज्ञात नाबालिग लड़का बैग को कंधे पर लटकाकर कोट के नीचे छिपाते हुए तेजी से रिसोर्ट के बाहर जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में कीमती गहने और लगभग 3 लाख रुपए नकद थे। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

# पुलिस कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कार्यालय झोटवाड़ा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस राहुल प्रकाश,अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे।



जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि

■ अधिकांश शिकायतें आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी तथा मारपीट को लेकर प्राप्त हुई

जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इस जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना झोटवाड़ा, करधनी, खोराबीसल, कालवाड़ और मुरलीपुरा क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया और समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया गया।

## फर्जी दिव्यांग पत्र के आधार पर सेवा बर्खास्तगी के आदेश पर रोक

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने फर्जी दिव्यांग पत्र के आधार पर ग्राम विकास अधिकारी की सेवा समाप्त करने वाले टोंक जिला परिषद व स्थानीय पंचायत समिति के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख पंचायती राज सचिव, टोंक जिला परिषद के सीईओ सहित टोंक पंचायत समिति से जवाब तलब किया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश टोंक पंचायत समिति के पराना ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत शाहरुख खान की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

■ हाईकोर्ट ने प्रमुख पंचायती राज सचिव, टोंक जिला परिषद सीईओ व पंचायत समिति से जवाब तलब किया

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मालपुरा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का 10 अप्रैल, 2023 को ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ था। याचिकाकर्ता ने नियुक्ति के समय मेडिकल बोर्ड से बना दिव्यांग प्रमाण पत्र पेश कर दिया था। जिसमें उसकी दिव्यांगता चालीस फीसदी आई थी। वहीं कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिला परिषद बाद में उसका पुनः मेडिकल कराया। जिसके उसकी दिव्यांगता शून्य दर्शाते हुए उसे गत दिनों ग्राम विकास अधिकारी पद से बर्खास्त कर दिया। जिसे चुनौती देते हुए कहा गया पूर्व में मेडिकल परीक्षण होने के बाद उसका पुनः मेडिकल कराने की कोई आवश्यकता नहीं थी। वहीं इस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे बर्खास्त करने से पूर्व उसका पक्ष नहीं सुना गया। यहां तक की उसे मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से भी अवगत नहीं कराया गया। इसलिए उसके बर्खास्तगी आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बर्खास्तगी आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## रेल प्रोजेक्ट के लिए भूमि अवाप्ति का अवार्ड जारी करने पर हाईकोर्ट की रोक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने रींगस-खाटूश्यामजी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना को लेकर की गई भूमि अवाप्ति का अवार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है।

■ रींगस-खाटूश्यामजी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना की डीपीआर का रिकॉर्ड पेश करने के आदेश दिए हाईकोर्ट ने

इसके साथ ही अदालत ने परियोजना की डीपीआर का रिकॉर्ड पेश करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनुरूप सिंघी की एकलपीठ ने यह आदेश गुलाब सहित करीब ढाई दर्जन से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता कार्तिक शर्मा ने अदालत को बताया कि रेल मंत्रालय ने रींगस से खाटूश्यामजी तक प्रस्तावित करीब 18 किमी लंबी रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए 8 अगस्त, 2024 को अधिसूचना जारी की।

इसके तहत रींगस और कोटडी सहित अन्य गांवों की करीब 25 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करना था। याचिका में कहा गया कि रेलवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण केवल तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से तैयार डीपीआर के अनुसार ही किया जाना था, लेकिन सरकार ने अधिसूचना जारी करते समय डीपीआर से अलग दूसरी जमीन का चयन कर लिया।

इसके अलावा उनकी ओर से पेश आपत्तियों को भी रिकॉर्ड पर नहीं लिया। याचिका में कहा गया कि अधिसूचना में कहा गया कि मामले में कोई आपत्ति नहीं मिली, जबकि उनकी ओर से आपत्तियां पेश की गई थी। जिसका विरोध करते हुए केन्द्र सरकार की ओर से एएजी भरत व्यास ने कहा कि परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पूरी तरह डीपीआर के अनुसार ही किया गया है।

याचिकाकर्ताओं की आपत्तियां तकनीकी आधार पर निराधार है। ऐसे में याचिकाओं को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले में अवार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है।

# महाशिवरात्रि आज; शिवालयों में 4 प्रहर की पूजा सहित विशेष योग में रुद्राभिषेक

## छोटीकाशी के शिवालयों में तैयारियां पूरी, झारखंड महादेव मंदिर में मेला लगेगा

**जयपुर** । फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग, बुधादित्य योग और चतुर्ग्रही योग का विशेष संयोग बन रहा है। सुबह से देर रात तक शहर के शिवालयों में 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजेंगे।

छोटीकाशी के प्रमुख मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वरजी मंदिर, बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव मंदिर, वैशाली नगर के झारखंड महादेव मंदिर, छोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर महादेव और आमेर के भूतेश्वर महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में भक्त जलाभिषेक कर गाजर, बेर, सोगरी, आक, बिल्व पत्र आदि अर्पित करेंगे। कई मंदिरों में चार प्रहर की विशेष पूजा होगी।



महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में चौडा रास्ता स्थित ताड़केश्वरजी महादेव मंदिर को पूर्व संध्या पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर का प्रबंधन बब्बू सेठ मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जा रहा है। हर वर्ष यहां लाखों श्रद्धालु अभिषेक के लिए पहुंचते है। ट्रस्ट अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी ने बताया कि सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 200 वालेंटियर तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा करीब 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पार्किंग, पेयजल और कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई है।

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर फाल्गुन प्रदोष व्रत पर शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक और फाल्गुनी श्रृंगार किया गया। मुरलीपुरा स्थित श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर में फागोत्सव का आयोजन हुआ, जहां भक्तों ने भजनों के साथ दर्शन किए। शनि प्रदोष पर न्यू सांगानेर रोड स्थित वीर चमत्कारी हनुमान मंदिर में घुमंतू जाति उत्थान न्यास के तत्वावधान में समरसता रुद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। आयोजन में समाज में समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

# सही समय पर उपचार की शुरुआत से बच्चों को कैंसर मुक्त करना संभव



**जयपुर** । कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन जब यह बच्चों को प्रभावित करती है, तो यह अधिक संवेदनशील और जटिल बन जाती है। बच्चों में कैंसर की पहचान करना कठिन होता है क्योंकि इसके लक्षण आम बीमारियों से मिलते-जुलते हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय बच्चों की बीमारी को कभी नजर अंदाज ना करे।

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की बाल कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्चों में वयस्कों के मुकाबले कैंसर का उपचार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वहीं कैंसर से ठीक होने वालों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्चों में होने वाले कैंसर वयस्कों के कैंसर से अलग होते हैं। ये आमतौर पर तेजी से विकसित होते हैं और इनके इलाज के लिए विशेष प्रकार की चिकित्सा की जरूरत होती है। बच्चों में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में ल्यूकेमिया

■ बच्चों में कैंसर के लक्षणों की सही समय पर पहचान जरूरी

■ 80 फीसदी से अधिक बाल रोगी कैंसर को हराकर जी रहे हैं सामान्य जीवन : डॉ. माथुर

(रक्त कैंसर), ब्रेन ट्यूमर, लिंफोमा, न्यूरोब्लास्टोमा, विल्म्स ट्यूमर (किडनी कैंसर), रेटिनोब्लास्टोमा, ऑस्टियो सारकोमा और इविंग सारकोमा (हड्डियों का कैंसर) है।

उन्होंने बताया कि बच्चों में होने वाले कैंसर को कोई एक स्पष्ट कारक नहीं है, लेकिन कुछ संभावित कारणों पर शोध किया गया है। इनमें है आनुवंशिक कारक, पर्यावरणीय कारण जैसे रेडिएशन, प्रदूषण और जहरीले रसायनों के संपर्क में आने एवं प्रतिरक्षा प्रणाली की गड़बड़ी। डॉ. माथुर ने कहा कि नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के अनुसार, भारत में कुल कैंसर मामलों में लगभग 4 प्रतिशत मामले 0-14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में पाए जाते हैं। देश में हर वर्ष लगभग 50 हजार नए बाल कैंसर के मामले सामने आते हैं। इनमें ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) लगभग 25 से 30 प्रतिशत मामलों में सबसे सामान्य है। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर निदान और उचित उपचार से 80 प्रतिशत से अधिक मामलों में सफलता संभव है।

उन्होंने बताया कि बच्चों में कैंसर के कई लक्षण नजर आते हैं।जिनमें अत्यधिक थकान और कमजोरी, लगातार बुखार रहना, असामान्य वजन घटना, हड्डियों या जोड़ों में दर्द, बार-बार संक्रमण होना, शरीर पर असामान्य सूजन या गांठ, आंखों की रोशनी में गिरावट या सफेद चकते दिखना। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

## सार-समाचार

### पेंशनर्स के साथ स्वास्थ्य मुद्दे पर चर्चा



**जयपुर** । पेंशनर समाज, उप शाखा मालवीय नगर की बैठक शनिवार को अग्रवाल समाज भवन में आयोजित की गई। आर बी गुप्ता मुख्य संरक्षक के मुख्य आतिथ्य और विजय चंद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेल्बी हॉस्पिटल के डॉ. मनीष वैष्णव, डॉ. राकेश कुमावत ने पेंशनरों को जॉइंट रिप्लेशमेंट सहित हड्डी रोगों और नसों की विभिन्न बीमारियों के उपचार की जानकारी दी। संजय मिश्र और आर के व्यास ने स्वागत किया। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने आयोजन विषयक जानकारी देते हुए शिव रात्रि की शुभकामनाएं दी। उप सचिन बाबू लाल गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हेतु भारद्वाज को मिलेगा पुरस्कार



**जयपुर** । साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा प्रदेश के हिंदी साहित्य को समर्पित प्रतिष्ठित वार्षिक घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा वर्ष 2008 से निरंतर यह वार्षिक पुरस्कार राजस्थान के हिंदी साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2026 के लिए यह पुरस्कार जयपुर निवासी 88 वर्षीय डॉ. हेतु भारद्वाज को काव्य-नाटक 'पूर्णावतार' के लिए दिया जाएगा। सचिव शर्मा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप साहित्यकार को 51 हजार रुपये, शॉल, श्रीफल और मानपत्र देकर अलंकृत किया जाएगा। प्रयास के अध्यक्ष और जाने माने साहित्यकार डॉ दुलाराम सहारण के मुताबिक यह पुरस्कार अब तक डॉ. सत्यनारायण, मनीषा कुलश्रेष्ठ, हेमंत शेष, रत्नकुमार सांभरिया, कमर मेवाड़ी, पल्लव, भगवान अटलानी, माधव हाड़ा, नंदकिशोर आचार्य, पद्मजा शर्मा, ऋतुराज, जवरीमल्ल पारख, विनोद पदरज, कृष्ण कल्पित, जितेंद्र भाटिया, जीवन सिंह आदि को दिया जा चुका है।

### 'डबल इंजन की ताकत से विकास को गति'



**जयपुर** । भाजपा प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकास का मजबूत और समन्वित रोडमैप पेश करते हैं। जब नीतियों में तालमेल और लक्ष्य में समानता होती है, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। पोसवाल ने कहा कि ,प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और जैसी योजनाओं में केन्द्र और राज्य सरकार का बेहतर समन्वय दिखाई देता है। राज्य बजट में आवास, पेयजल, सिंचाई और कृषि अवसंरचना के लिए किए गए प्रावधानों से इन योजनाओं को और मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप, आईटी हब, स्वास्थ्य सेवाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के क्षेत्र में भी दोनों सरकारें एक-दूसरे की पूरक बनकर काम कर रही हैं। आयुष्मान भारत और राज्य की स्वास्थ्य योजनाओं के समन्वय से आमजन को व्यापक लाभ मिल रहा है।

### आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजन

**बेंगलुरु** । महाशिवरात्रि पर आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से राजस्थान के कई शहरों में व्यापक स्तर पर आध्यात्मिक आयोजन किए जाएंगे। पावन रुद्र पूजा, शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान, भक्तिमय भजन और गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के साथ विशेष ऑनलाइन ध्यान के माध्यम से यह आयोजन साधना और उत्सव का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करेगा। जयपुर सहित विभिन्न शहरों में आयोजित इन कार्यक्रमों में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, वहीं युवाओं की बढ़ती भागीदारी समाज में उभरती आध्यात्मिक चेतना की ओर संकेत करती है। इस अवसर का प्रमुख आकर्षण रुद्र पूजा होगी, जो भगवान शिव के करुणामय स्वरूप भगवान रुद्र की उपासना का एक प्राचीन और शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है। बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की सान्निध्य में आयोजित मुख्य समारोह में 180 से अधिक देशों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। गुरुदेव के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर शाम 6:30 बजे से प्रसारित होने वाले महाशिवरात्रि विशेष वेबकास्ट से भी दुनिया भर के दर्शकों के जुड़ने की उम्मीद है।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 17 फरवरी को

**जयपुर** । भजनलाल शर्मा की मंशानुसार युवाओं को अधिकाधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर द्वारा 17 फरवरी को सिरसी रोड स्थित भूषण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभाग की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि इस शिविर में निजी क्षेत्र के संस्थान भाग लेकर रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित अवसर प्रदान करेंगे तथा योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर चयन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि निर्माण, रिटेल, स्टाफिंग, मार्केटिंग, कॉल सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 20 निजी नियोजक लगभग 700 रिक्तियों के साथ इस शिविर में भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं के लिए एक सशक्त रोजगार मंच सिद्ध होगा। नवरेखा के अनुसार दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं आईटीआई सहित विभिन्न योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे। सभी पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपने शैक्षिणक प्रमाण-पत्रों के साथ शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### थाने से कुछ दूरी पर स्कूटी चोरी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब पुलिस का भी कोई खौफ नहीं रहा। इसका ताजा उदाहरण राजधानी जयपुर के अशोक नगर थाना इलाके के हिरण वाला बाग के पास स्थित युधिष्ठिर मार्ग सी स्कीम में देखने को मिला। यहां एक चोर ने पुलिस स्टेशन से महज कुछ दूरी युधिष्ठिर मार्ग स्थित आस्था स्क्वायर के पास बाहर खडी होंडा एक्टीवा स्कूटी चोरी कर ली। जिसकी जानकारी स्कूटी मालिक ने नजदीकी अशोक नगर थाना पुलिस को दी है। जानकारी के अनुसार मामला शुक्रवार दोपहर करीब 2 से 4 बजे का है। चोर इतने शातिर थे के आसानी से इस दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस स्टेशन के इतने करीब हुई इस वारदात से इलाके में नाराजगी है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

### महिला तस्कर सहित दो गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए श्यामनगर थाना क्षेत्रों में दबिश देकर एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 01.30 ग्राम स्मैक, नशा बेचने से मिले 19 हजार रुपये नकद और 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन) राहुल प्रकाश ने बताया कि श्याम नगर इलाके में बदरवास चौराहे के पास स्थित होटल प्राइम सफारी के पास की गई। यहाँ पुलिस ने प्रतिभा (22) पत्नी मोरपाल को गिरफ्तार किया । पुलिस ने महिला के कब्जे से 01.30 ग्राम स्मैक, नशा बेचने से मिले 19 हजार रुपये नकद और 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं । आरोपित महिला मूलतः टोंक जिले के मेंहदवास की रहने वाली है ।



## Reflecting on Peace and Liberation on Parinirvana Day

Parinirvana Day, observed by Buddhists around February 15, commemorates the passing of Lord Buddha into Nirvana, symbolizing ultimate liberation from the cycle of birth and death. It is a day for reflection, meditation, and remembering the teachings of compassion, mindfulness, and detachment. Devotees visit temples, offer prayers, and engage in quiet contemplation, honouring Buddha's journey towards enlightenment. Parinirvana Day serves as a reminder to embrace inner peace, let go of attachments, and practice kindness in daily life. By observing this solemn day, followers reconnect with the spiritual path and the enduring wisdom of the Buddha.

#1965

# A Man Named Ranchhodas Pagi



Pagi studied camel tracks in the sand and said that the camels were carrying supplies, not riders, and the enemy strength was close to 1,200



In the killing silence of the Rann of Kutch, India's most powerful weapon once wasn't a drone, a satellite, or a radar screen.

It was a barefoot camel herder. His name was Ranchhodas Pagi. Locals called him Pagi, the man who could read footprints like a living map.

During the 1965 war, when the Indian Army lost track of Pakistani troops after the capture of the Vidhkot post, Pagi studied camel tracks in the sand and quietly told the officers something unbelievable; the camels were carrying supplies, not riders, and the enemy strength was close to 1,200.

He was right. From that day on, the Army began to rely on him as its eyes in the desert. But his most extraordinary moment came in 1971. India planned a surprise push towards Nagarparkar through terrain filled with landmines.

At nearly 70 years of age, Pagi walked ahead of an entire armoured convoy, reading faint disturbances in the sand to detect buried mines.

For 12 hours, in darkness, he guided Indian tanks safely through a death trap.

At dawn, the armour appeared where Pakistan never expected it. The post fell with barely a fight.

Later, Sam Manekshaw personally embraced him and flew him over the battlefield, an honour almost no civilian has ever received. He famously invited him for a meal in Dhaka after the 1971 war and



rewarded him with Rs. 300 from his own pocket.


He was awarded the Samar Seva Star, Sangram Medal, and Police Medal. The Border Security Force (BSF) named an outpost in Banaskantha the 'Ranchhodas Post' in his honour. His life is immortalized in Gujarat folk songs, and he is regarded as an unsung hero whose bravery was crucial to India's border security.

Pagi passed away in 2013, at the age of 112.

Today, borders are watched by satellites and sensors.

But once, when technology was not that advanced, a quiet old man reading footprints in sand became India's greatest surveillance system.

Salute to Ranchhodas Pagi. He showed a nation the path to victory, one footprint at a time.




# The Tangled Web Of The Middle East

The threat is not war between Israel and Turkey but a string of escalations that involve American allies. Their rivalry is to cloud the area from Gaza to the Red Sea. Turkey's approach towards Israel reflects a combination of geopolitical ambitions, security considerations, economic interests, and domestic political calculations. It seeks to position itself as a leading regional power, drawing on the legacy of the historical Ottoman Empire as part of a policy commonly described as 'neo-Ottomanism.'






Maj Gen Jagatbir Singh, VSM (RETD)

Amid the Middle East's deepening turmoil, the growing rivalry between Israel and Türkiye is fueling tension in an already fragmented region. Despite a past legacy of cooperation, relations are now at an all-time low and have entered one of their most tense periods in years, triggered by a series of regional developments that are transforming the relationship into a full-blown geopolitical confrontation.

The present flashpoint is Somaliland, which sits at a critical geostrategic crossroads opposite Yemen, overlooking the junction of the Gulf of Aden, the Bab el-Mandeb Strait and the Red Sea. Somaliland declared independence from Somalia in 1991, but functioned as a self-governing republic until December 2025 when Israel became the first state to extend formal recognition. The decision has generated controversy not least because of the legal precedent it sets under international law and its potential to exacerbate geopolitical competition in an already fragile space. More specifically, it risks accelerating competition between Israel and Turkey as their interests continue to diverge across the Horn of Africa, the Red Sea and in West Asia. What began as a diplomatic rupture has hardened into a regional power contest with direct consequences for US strategy from Gaza to the Eastern Mediterranean and to the Horn of Africa.

### Syria

Syria may soon become the most dangerous flash point between Israel and Turkey. The fall of the Assad regime in December 2024 created a power vacuum rather than stability. In Syria, Turkish and Israeli interests diverge sharply. Turkey's priorities remain centered on border security, countering Kurdish armed groups and shaping post-conflict political outcomes in Northern Syria. Israel has focused on constraining the interim government led by President Ahmed Al-Sharaa and preventing advanced weapons transfers to Hezbollah or other non-state armed actors. While both seek to limit Iranian influence, their operational objectives differ, generating security postures that contribute to Syria's fragmentation rather than convergence.

A central fault line in Syria is the potential instrumentalisation of Kurdish armed actors in Northern Syria, particularly the Syrian Democratic Forces (SDF). Turkey views the SDF as inseparable from the Kurdistan Workers' Party (PKK), which it designates as a terrorist organisation and considers an existential national security threat. From the Turkish perspective, even limited or indirect Israeli support is interpreted as exploiting Kurdish groups against Turkey. This has deepened mutual suspicion, reinforcing Turkish concerns that Kurdish factions could be weaponised as proxy instruments within a broader pattern of competitive regional positioning rather than as partners in a coherent stabilisation strategy.

Both Ankara and Damascus also view Israeli-linked signalling around Druze autonomy or secessionist claims in Southern Syria as encouraging or enabling wider autonomy claims, including among Kurdish actors in the North. Following the collapse of the Assad regime in Syria in December 2024, Turkey has moved to expand its influence not only in Northern Syria but also in the country's Centre and South. While Israel seeks to protect the Druze communities in Southern Syria, Turkey, which seeks to weaken the Kurds in the North, favours a strong, centralized Syrian state under its influence. This creates a direct clash of interests.

### Gaza

In Gaza, the divergence is more overt and politically charged. Turkey has positioned itself as a vocal advocate for Palestinian political rights and humanitarian access, maintaining engagement with Gaza as part of its broader regional diplomacy. While taking an initially circumspect position, Erdogan gradually shifted to condemning Israel's military actions, which he framed as disproportionate and accusing Israel of committing war crimes. This rhetoric was consistent with Turkey's historical position, but was amplified by Erdogan's aspirations to position Turkey as a defender of Palestinian rights on the international stage. Erdogan has turned the Israeli-Palestinian conflict into a central component of his policy, employing harsh and inflammatory anti-Israel rhetoric to increase support among Muslims in general and within Turkey in particular.




Turkey has also expressed its readiness to deploy military, civilian and logistical assets to Gaza but the main stumbling block remains Israel's categorical opposition to any Turkish military presence. Israel has made clear that it will not allow Turkish Armed Forces to operate inside Gaza, viewing Ankara as a destabilizing actor despite its public efforts to present itself as a reconstruction partner.

WORLD VIEW

At the forefront of post-war scenarios, Ankara is promoting a governance formula led by Palestinians, including the political wing of Hamas. The red line imposed by Israel is absolute against any form of Turkish involvement, civilian or security. The split vision couldn't be starker; where Israel sees the enforcement of security, Turkey perceives a defiance of international law.

### Somalialand

Turkey has played a sustained and influential role in Somalia since at least 2011, positioning itself as a key external partner in Somalia's stabilisation, economic development and state-building efforts. Under the Military Training Agreement signed in 2012, Turkey deployed military personnel to support the rebuilding of the Somali National Army, embedding long-term security assistance alongside political engagement. Turkey has invested heavily in roads, hospitals and public buildings across Somalia, as well as a space launch facility and hydrocarbon exploration in around 15,000 sq km of Somali offshore blocks.

The opening of the TÜRKSOM Military Training Base in Mogadishu in 2017 marked a significant expansion of Turkey's security footprint in Somalia. The base has played a central role in training thousands of Somali security personnel engaged in the fight against Al-Shabaab. TÜRKSOM has also become an important node in Turkey's broader approach to stabilisation and security in the Horn of Africa.

This bilateral relation entered a more consequential phase in 2024 when both sides signed two major agreements; a comprehensive 10-year maritime and defence agreement known as the 'Defence and Economic Cooperation Framework Agreement' signed in February, and an oil and gas cooperation deal reached in March.

As Turkey prepares to begin offshore energy drilling in Somali waters in 2026, the Red Sea has become a predominant arena for this rivalry. Israel seeks a foothold in the Gulf of Aden to monitor Houthi activity, while Turkey aims to protect its maritime interests and the territorial integrity of the Somali state. The Israeli recognition of Somaliland transforms a local secessionist issue into a high-stakes geopolitical confrontation between Ankara and Tel Aviv. Within Israeli strategic thinking, Somaliland is seen as offering an operational and intelligence value in relation to Houthi activity, given its proximity to key Red Sea and Gulf of Aden maritime routes. Houthi leader Abdul Malik al-Houthi condemned recognition of Somaliland, stating, "We consider any Israeli presence in Somaliland a legitimate military target for our forces, as it constitutes aggression against Somalia and Yemen and threatens the security of the region." For Somalia, the recognition challenges efforts to consolidate federal authority and could complicate Ankara's growing diplomatic and security engagement in the country. More broadly, the move underscores how peripheral theatres in the Horn are becoming increasingly entangled with Middle Eastern security calculations, particularly as states seek strategic depth, maritime leverage and alternative footholds along critical sea lines of communication.

rajeshsharma1049@gmail.com









## Eastern Mediterraneanand The Gulf

The Eastern Mediterranean continues to be a particularly salient arena of competition. Israel's deepening strategic alignment with Greece and Cyprus, spanning energy cooperation, defence ties and maritime delimitation, stands in contrast to Turkey's priorities.

Competition for energy resources has further intensified the rivalry by including a 'maritime' element. Israel, Greece, and Cyprus remain committed to constructing the "East Med Pipeline," which will transport energy from East to West bypassing Turkey altogether. Ankara views the project as another move 'to encircle' Turkey economically.

The Israeli arms sales to Cyprus, including the Barak MX defense system, have added to the rising regional tension. Further, it reinforces the impression that Israel is aligning itself with Turkey's regional adversaries, Greece and Cyprus, to constrain Ankara's power.

In the Gulf, Israel's deepening ties with the UAE can be interpreted as serving a dual purpose: strengthening bilateral security and technological cooperation while also reshaping intra-Gulf power dynamics in ways that dilute Saudi Arabia's traditional primacy. From this perspective, Israel-UAE cooperation is less an isolated normalisation track and more a broader strategy to entrench alternative regional partnerships that expand Israel's strategic depth across the Red Sea and the Horn of Africa.

Turkey, by contrast, claims a more flexible, multifaceted approach to the Gulf, maintaining working relationships with several states while remaining most closely aligned with Qatar. Ankara frames this posture as pragmatic and interest-based, spanning trade, defence cooperation and diplomatic engagement.

The risk of escalation in Turkey-Israel relations is likely to grow as areas of friction increasingly overlap across multiple theatres. That said, important constraints remain. The US is unlikely to favour an intensification of rivalry between two close regional partners, while Turkey's position within NATO imposes limits on how far confrontation can be pushed without broader alliance consequences. These factors mitigate against direct military confrontation. However, Turkish and Israeli analysts increasingly assess their areas of competition as interconnected, narrowing the margin for miscalculation and raising the risk that indirect or peripheral disputes; whether in the Horn of Africa, the Red Sea, or the Levant, spill over into more consequential forms of confrontation.

The threat is not war between Israel and Turkey but a string of escalations that involve American allies. Their rivalry is to cloud the area from Gaza to the Red Sea. Turkey's approach towards Israel reflects a combination of geopolitical ambitions, security considerations, economic interests, and domestic political calculations. It seeks to position itself as a leading regional power, drawing on the legacy of the historical Ottoman Empire as part of a policy commonly described as 'neo-Ottomanism.'

As a ceasefire takes hold in Gaza, Israel and Turkey find themselves facing a familiar yet profoundly altered landscape; both countries must navigate a new regional reality. Israel and Turkey stand at crossroads: not outright enemies, they are still far from partners. The trajectory their relationship takes will determine both regional and global security.

#FABRIC

# Understanding Modal, Viscose, Bemberg, and Rayon

All four fabrics are cellulose-based, making them biodegradable and eco-friendly compared to synthetic fibers



Modal, Viscose, Bemberg, and Rayon are all popular fabrics made from cellulose, a natural polymer found in plants like wood and cotton. Despite sharing this common base, they each have distinct qualities and uses in the textile industry. Let's explore the similarities and differences between these fabrics to help you understand their characteristics and choose the best one for your needs.

**The Basics of Rayon, Viscose, Modal, and Bemberg**

These fabrics are all derived from cellulose, but they differ in their production processes and resulting properties.

- Rayon was the first man-made fiber created in the late 19th century as an alternative to silk. It is made by dissolving cellulose from wood or cotton and turning it into fiber.
- Viscose is a type of rayon. The term 'viscose' specifically refers to the manufacturing process in which wood pulp is treated with chemicals, turned into a viscous solution, and then spun into fibers.
- Modal is a more refined version of rayon. It's made from beechwood pulp, and the production process is more controlled, which results in a fabric that is smoother, stronger, and more durable than regular rayon.
- Bemberg (also called cupro) is another type of rayon. However, it undergoes a unique process using copper and ammonia to create a fabric with a silk-like feel, often used in high-end fashion.

### Similarities Among Modal, Viscose, Bemberg, and Rayon

All four fabrics are cellulose-based, making them biodegradable and eco-friendly compared to synthetic fibers. They share a soft, smooth texture, which makes them comfortable to wear, especially in lightweight clothing such as dresses, blouses, and underwear. They are also breathable and moisture-absorbent, ideal for warmer climates.Additionally, all of these fabrics take dye well, allowing for rich, vibrant colors. Despite these advantages, they do tend to wrinkle easily, especially when wet, requiring some maintenance to keep them looking fresh.

### Key Differences: Texture, Durability, and Environmental Impact

#### Texture and Feel

Rayon and viscose are soft and smooth, but can feel somewhat flimsy compared to Modal and Bemberg. Modal, for example, is known for its silky softness and refined texture. It is also more durable and resistant to shrinkage, making it suitable for everyday clothing such as loungewear and activewear. Bemberg, on the other hand, offers a luxurious, silky feel with an elegant drape, often used in high-end garments and suit linings.

#### Durability

One of the biggest advantages of Modal over Rayon and Viscose is its enhanced durability. The production process for Modal makes it stronger, particularly when wet, and helps it resist fading and shrinkage better than rayon or viscose. While Rayon and Viscose can lose their shape and strength over time, Bemberg is delicate but has a luxurious finish, requiring careful care.

#### Environmental Impact


The environmental impact of these fabrics varies. Modal is often considered more eco-friendly than traditional rayon because it uses beechwood, a fast-growing tree that requires fewer chemicals and less water. Additionally, many producers use FSC-certified wood pulp to minimize deforestation. Bemberg is also seen as sustainable, as its closed-loop production process recycles chemicals, and it is often made from cotton linter, a by-product of cotton farming.

In contrast, traditional Rayon and Viscose production can be harmful to the environment due to the chemicals used in their manufacturing process and the potential for deforestation if not sourced responsibly.





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### अवैध मादक पदार्थ सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करके 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गोविन्दपुरा से खणदेवत रोड की ओर जाने वाले रास्ते से आरोपी मुमताज कुरैशी पुत्र छन्नू मिया निवासी मस्जिद के सामने रेल्वे स्टेशन रोड निवाई व मुकेश रैगर पुत्र धन्नाराम रैगर निवासी ढींग की ढाणी कच्ची बस्ती खणदेवत रोड निवाई को गिरफ्तार करके आरोपितों से 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

### कलश यात्रा कल

**सिरस।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चौकी वाले बालाजी मंदिर में सोमवार को दो दिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विराट हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम व कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापत ने बताया कि सम्मेलन को लेकर 15 फरवरी को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। 16 फरवरी को बस्सी में स्थित मनसा पूर्ण बालाजी व पपलाज माता मंदिर से विशाल कलश यात्रा रवाना होकर पुलिस चौकी बालाजी मंदिर सिरस पहुंचेगी। जिसके बाद बालाजी मंदिर में संत सानिध्य, आशीर्वचन व संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को बालाजी मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापत, सचिव भोलाराम गुर्जर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पारीक, बनवारी लाल वर्मा, बनवारी लाल योगी, शोभाराम प्रजापत व प्रेमचंद बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**दूदू ।** मुख्य चौराहे पर स्थित रामेश्वरम बालाजी मंदिर सभागार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन शनिवार को महा आरती एवं हवन पूजन के साथ धूमधाम से किया गया कथावाचक पंडित हरिओम आचार्य के द्वारा संगीत में भागवत कथा के समापन पर समिति अध्यक्ष सरदार सिंह नाहर राजेंद्र सिंह खंगारोत उदयपुरिया एवं भक्तजनों द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर भक्त जनों एवं महिलाओं द्वारा फाग उत्सव के भजन कर कार्यक्रम के समापन का आनंद लिया ।

### पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**टोंक।** देवली में शनिवार को पुलवामा हमले की बरसी पर बजरंग दल ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर ब्लैक डे मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर गौरव पथ स्थित शहीद स्मारक पर दो मिनट का मौन रखा। यह आयोजन पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के सम्मान में किया गया। इस दौरान संगठन ने शहीदों के बलिदान और शौर्य को याद किया तथा देश के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च त्याग को नमन किया।

### विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**बौंली -बामनवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर बौंली नगर मुख्यालय की शिव बगीची रामलीला मैदान से 1151 महिलाओं ने सर पर कलश रखकर विशाल कलश यात्रा के साथ ही विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया । कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, प्रेमराज सिंह, कमलेश मीणा, अमर सिंह गुर्जर, भवानी सिंह, अमर सिंह, रतन मीणा, राजेंद्र सोनी, महेश जायसवाल, चंद्र प्रकाश गुर्जर व अंकुश गर्ग सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे यह जानकारी कार्यक्रम सहसंयोजक हेमराज दीक्षित ने दी।

### बैठक आज

**निवाई।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सुबह 11 बजे महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी।

# 'एक साल में ईसरदा बांध से पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे'

**टोंक।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा बजट को लेकर शनिवार को बीजेपी कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें मंत्री चौधरी ने कहां कि हमारी सरकार ने जिले समेत प्रदेश को बेहतर बजट दिया है। बजट में जिले को पेयजल व रेल जैसे सेवाओं को हमारी सरकार ही पूरी करेगी, वही टोंक शहर को संभव सालभर में ईसरदा बांध से पेयजल पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। मंत्री चौधरी ने कहा कि युवाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाएं उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेगी, वहीं महिलाओं के लिए लखपति दीदी जैसी योजनाएं आर्थिक सशक्तिकरण को गति देंगी। यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास को समर्पित है।



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा बजट को लेकर शनिवार को बीजेपी कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

मंत्री ने बताया बजट वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पूर्व बजट से 53 प्रतिशत अधिक है। वही प्रतियोगी परीक्षाओं के पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना की घोषणा की गई है तथा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वीबीजी योजना में 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण महिला बीपीओ की स्थापना, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में ऋण

- मंत्री चौधरी ने कहा कि युवाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाएं उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेगी

सीमा वृद्धि, जैसलमेर में अल्ट्रा लग्जरी स्पेशल टूरिज्म जोन का विकास तथा शेखावाटी हवेली योजना के अंतर्गत 660 चिन्हित हवेलियों के पुनरुद्धार का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित सरकार ने असहाय एवं लावारिस व्यक्तियों को दस्तावेजों के अभाव में भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं निरोगी राजस्थान योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ देने की घोषणा की है। वही जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट, लैपटॉप, साइकिल एवं यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी के माध्यम से ई-वाउचर उपलब्ध कराए जाएंगे।

अन्नदाता किसानों के लिए यमुना जल को शेखावाटी क्षेत्र तक लाने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जाएंगे तथा 800 करोड़ रुपये ब्याज अनुदान पर व्यय किए जाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिह चौरान, पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, बबलू मीडिया प्रभारी कमलेश यादव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा का केंद्रीय बजट श्रमिक संवाद संपन्न

**भरतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला ओबीसी मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर केंद्रीय बजट को लेकर श्रमिक संवाद का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील यादव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रही। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष भाजपा रमन धाकड़ ने की। संवाद कार्यक्रम प्रारंभ से पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई। संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा की मोदी सरकार ने केंद्रीय बजट में श्रमिक वर्ग के लिए अनेक सौगातें दी है। जो श्रमिक वर्ग के लिए कल्याणकारी साबित होगी।

# जनगणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य पूर्ण निष्ठा से सम्पादित करें : कलक्टर

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित 16 वीं जनगणना 2027 के अन्तर्गत जिले में चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण 13 एवं 14 फरवरी को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि यह देश की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी, जो केवल आंकडों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नीतियों, योजनाओं, विकास की दिशा निर्धारण तथा परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला है।

उन्होंने प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के तहत 01 से 15 मई तक निर्धारित स्वगणना अवधि में अधिकाधिक जनजागरूकता सुनिश्चित


जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों का दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण को लेकर बैठक ली।

करने के निर्देश दिये।

साथ ही समस्त प्रशासनिक दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने पर बल दिया। समापन सत्र में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल बैरवा ने जनगणना 2027 की विस्तृत जानकारी दी। उन्हांने बताया कि सम्पूर्ण डिजिटल प्रक्रिया का प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जावेगी। ब्लॉक/सुपरवाईजर्स सर्किल निर्माण से लेकर प्रशिक्षण प्रबन्ध तक के सभी कार्य पोर्टल आधारित होगें। उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक

- 16 वीं जनगणना-2027 के अन्तर्गत जिले में चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

एवं सांख्यिकी विभाग बाबूलाल मीणा ने बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय से आये मास्टर ट्रेनर मेघा शर्मा सहायक निदेशक एवं ज्योति मीना सांख्यिकी अन्वेषक द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण की व्यवहारिक चुनौतियों, मकान सूचीकरण प्रक्रिया, सीएमएमएस पोर्टल, एचएलबीसी वेब एप्लीकेशन एवं एचएलओ मोबाईल एप के तकनीकी पहलुओं की गहनता से प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी दी गई।

# अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डों की 437 पेटियां जब्त

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुये हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डों की 437 पेटियां जप्त की हैं एवं शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा कन्टेनर जप्त को भी जप्त किया गया हैं। साथ ही अवैध शराब का परिवहन करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। जप्तशुदा अवैध शराब की

- जप्तशुदा अवैध शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपये

बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर एएसपी नाजिम अली के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया


शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा कन्टेनर जब्त की तथा दो अभियुक्त गिरफ्तार हुए।

गया।

टीम द्वारा नाकाबन्दी के दौरान सघन चैकिंग करते हुये शनिवार को हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डो से भरे हुये टाटा मिनी कन्टेनर नम्बर एचआर 55 एई 4046 को चैक कर विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग शराब की 148 पेटियां, रॉयल चैलेंज शराब की 173 पेटियां, मैजिक मोमेंट्स शराब की 81 पेटियां व स्मिर्नऑफ अंग्रेजी शराब की 35 पेटियां समेत कुल 437 पेटियों को जप्त किया। वहीं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा मिनी कन्टेनर नम्बर एचआर 55 एई 4046 को जप्त कर अवैध अंग्रेजी शराब को अपने कब्जे में रखकर परिवहन करने वाले 02 अभियुक्तों बिल्लू उर्फ खिल्लू (45) पुत्र शेरसिंह कश्यप व नवीन उर्फ टोनी (30) पुत्र सुन्दर कश्यप दोनों निवासी बास पदम थाना पटौदी जिला गुरुग्राम (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया, जिनसे गहनता से अनुसंधान जारी हैं।

## एसपी ने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ई-चालान का किया शुभारम्भ

**कोटपूतली।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा शुक्रवार को इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुभारम्भ किया गया। आई.टी.एम.एस. एक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसमें हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे के जरिये यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर निगरानी की जाकर प्रर्वतन की कार्यवाही की जावेंगी। जिले में हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 247 ट्रैफिक की निगरानी हेतु एनआईसी कार्मिक व जिला एडमिन द्वारा आईटीएमएस के जरिये ई-चालान किये जावेंगें। यह प्रणाली यातायात सुरक्षा और शहर में आवाजाही को बेहतर बनाने के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी मदद से मैनेजमेंट सैंटर में उन वाहनों पर भी नजर रखी जावेगीं, जो ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हैं। यह कैमरा ऐसे वाहनों की रियल टाईम इमेज लेता है और रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालान काट दिया जाता है। जिसके बाद वाहन मालिक को एसएमएस अलर्ट के जरिये ई-चालान की सूचना मिल जायेगी। इस सिस्टम के तहत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 पर कुल 17 स्थानों पर हाई क्वालिटी वाले स्मार्ट कैमरे लगाये गये हैं। इन कैमरों का मुख्य कार्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने

- जिले में आईटीएमएस कैमरे बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाहन चलाने, तेज गति, ओवर स्पीड, लेन ड्राईव सिस्टम, गलत दिशा में ड्राईविंग और लेन नियमों के उल्लंघन जैसी गतिविधियों को रिकॉर्ड कर ई-चालान किये जायेगें जारी

वालों की निगरानी और उन पर कार्यवाही करना है।

आईटीएमएस के लिये जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आईटीएमएस सिस्टम के लागू होने से सड़कों पर अनुशासन बढ़ेगा और लोगों में यातायात नियमों का पालन करने की आदत विकसित होगी व सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में कमी लाई जावेगी। हेलमेट व निर्धारित गति सीमा जैसे नियम जीवन सुरक्षा से जुड़े हैं। इसलिये इनका पालन बेहद जरूरी हैं।

# तिमोर लेस्ते देश के राजदूत ने खैरथल की 'विदेशी रसोई' में अपने देश की संस्कृति की देखी झलक

**खैरथल।** तिमोर-लेस्ते देश के महामहिम राजदूत कार्लिटो नून्स खैरथल के 40 फुटा रोड़ स्थित "विदेशी रसोई" रेस्तरां पर पहुंचे, जहां अपने देश तिमोर लेस्ते की संस्कृति की झलक देख कर उन्हें बेहद सुखद अनुभव हुआ । इस अवसर पर राजदूत ने भारत और तिमोर लेस्ते को अच्छा दोस्त बताया।

तिमोर-लेस्ते देश के महामहिम राजदूत कार्लिटो नून्स और तिमोर लेस्ते देश के राजनयिक ऑरेलियो बैरस का आयोजक परिवार के सदस्य मोहन शर्मा, डॉ. विमला गौड़, निशांत शर्मा, डॉ. श्रुति शर्मा, प्रशांत शर्मा, ज्योति शर्मा, नील शर्मा और कनिष्का शर्मा ने रेस्तरां के साथ ही अपने घर पर भी फूल माला व साफा पहना कर और राजस्थानी पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया।

विदेशी रसोई की दीवार पर तिमोर लेस्ते देश की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली पेंटिंग के साथ ही सभी लोगों के लिए उपलब्ध तिमोर लेस्ते की वर्ल्ड क्लास कॉफी और तिमोर लेस्ते के


खैरथल विदेशी रसोई रेस्तरां पर तिमोर लेस्ते देश के राजदूत कार्लिटो नून्स को बच्चों के द्वारा बनाई पेंटिंग दिखाते आयोजक।

पर्यटन को प्रदर्शित करती वीडियो को देख कर राजदूत काफी प्रसन्न हुए और आयोजकों को धन्यवाद दिया ।

राजदूत ने आयोजक परिवार के मुखिया मोहन शर्मा और डॉ. विमला गौड़ को तिमोर लेस्ते देश का विशेष पटका पहनाकर और तिमोर लेस्ते की वर्ल्ड क्लास कॉफी भेंट कर सम्मान दिया । इस अवसर पर राजदूत से इंद्रा हैप्पी स्कूल , सेंट्रल एकेडमी स्कूल , सेठ गोपालदास स्कूल और एल्पाइन एकेडमी के स्टूडेंट्स ने भी "विदेशी रसोई" में मुलाकात की ।

स्कूलों के स्टूडेंट्स के बीच "तिमोर लेस्ते" के संदर्भ में क्विज प्रतियोगिता , पेंटिंग प्रतियोगिता और ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने तिमोर लेस्ते की संस्कृति को प्रदर्शित करके भारत तिमोर लेस्ते की दोस्ती को प्रगाढ़ करने का कार्य किया ।

विजेता स्टूडेंट्स के साथ महामहिम राजदूत ने फोटो खिंचवाई और विदेशी रसोई की ओर से स्टूडेंट्स के लिए ईनाम की घोषणा की गई ।

- तिमोर लेस्ते और भारत को अच्छा दोस्त बताया। विदेशी रसोई रेस्तरां के मालिक मोहन शर्मा सहित परिवार जनों ने स्वागत कर राजदूत को राजस्थान की पेंटिंग भेंट की

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**फुलेरा।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा रविवार 15 फरवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों एवं ढाणीयों में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए दोपहर 1 बजे फुलेरा स्थित मीरा मैरिज गार्डन, जोबनेर रोड पर मुख्य सम्मेलन आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:15 बजे श्री वीर तेजाजी चौक (खण्डेल) से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद कंवरासा ,काजीपुरा,भुरोदियों की ढाणी , सिनोदिया, श्यामपुरा, प्रतापपुरा, खतवाडी, भाटीपुरा, श्योसिंहपुरा, जैतपुरा, नरैना, सामलपुरा, नौरंगपुरा स्टैंड, सिवानियां मोड़ तथा ईटावा मोड़ (फुलेरा) पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप चौधरी (पूर्व मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी राजस्थान), छूटनजी यादव (जिला प्रभारी), शंकर नारनौलिया (प्रदेश कार्यालय प्रभारी) एवं प्रभातीलाल (पूर्व आरएस व अजमेर संभाग प्रभारी) की उपस्थिति रहेगी।

## सार-समाचार

### नगर परिषद की टीम ने अवैध अतिक्रमण कॉलोनी को हटाया

**टोंक।** नगर परिषद की टीम ने अवैध अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही करते हुए जयपुर-कोटा नेशनल हाइवे-52 के पास तालाब की सरकारी भूमि पर किये अतिक्रमण को हटाया गया है। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देशन में गठित टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नेशनल हाइवे 52 के पास स्थित तालाब की भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को हटायाकर नगर परिषद टीम ने नगर परिषद का बोर्ड लगा दिया। नगर परिषद टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से करीब दो घंटे तक कार्रवाई की और तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटा दिया तथा अतिक्रमियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि यह भूमि सरकारी है और यहां किसी भी प्रकार का निर्माण या अतिक्रमण अवैध माना जाएगा। नगर परिषद टोंक के आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि अन्नपूर्णा डूंगरी की ओर स्थित तालाब और उसके आसपास की जमीन सरकारी है। कुछ लोग यहां अवैध रूप से कॉलोनी विकसित कर रहे थे। ऐसे मामलों में नगर परिषद की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि भविष्य में किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 16 वर्ष से फरार 10हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाया जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के तहत जिला पुलिस की विशेष टीम ने 16 वर्ष से फरार चल रहे 10हजार के वांछित इनामी आरोपी जोगेंद्र सिंह गुर्जर निवासी लक्ष्मणगढ़ थाना महाराजपुर जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश को ग्वालियर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, नकबजनी सहित करीब 15 मामले मध्य प्रदेश के शोपुर, ग्वालियर, व राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में दर्ज हैं, वर्ष 2009 में मलारना चौड गांव में रात के समय घर में घुसकर 5 घरों में आभूषण व जेवरात चोरी करने में यह मुख्य आरोपी था, इस मामले में चार आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं और यह काफी समस्या फरार चल रहा था अनेकों बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था आरोपी को मान टाउन थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम ने मुखबिर की सटीक खास सूचना पर ग्वालियर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है आरोपी पर न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट व 10हजार का इनाम घोषित था पुलिस अन्य मामलों में अनुसंधान कर रही है।

### 18 फरवरी को विशाल भंडारा

**किशनगढ़ बास।** शहर के काले खां बाग स्थित संत काले खां महाराज ( उस्ताद जी बाबा ) का 18 फरवरी बुधवार को उनके स्थान पर भक्तों की ओर से तृतीय विशाल भंडारा आयोजित होगा। वहीं इससे एक दिन पहले रात्रि में श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया जाएगा। उस्ताद जी बाबा के भक्तजन भंडारे व जागरण के आयोजन की तैयारी में जोर शोर से जूटे है। भक्तों का मानना है कि काले खां बाबा एक पहुंचे हुए तपस्वी संत हुए हैं जिन्हें भगवान श्री कृष्ण ने साक्षात दर्शन दिए हैं। इस काले खां बाग की सड़क पर महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी सख्या में सुबह शाम वाक पर आते हैं जहां स्वच्छ ताजा हवा पाकर ताजगी का एहसास होता हैं। लोगों का मानना है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी थोड़ी और रूचि ले तो इस स्थल को और अधिक सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। एसडीएम आवास के सामने स्थित छतरी नूमा कुटिया आज भी उस्ताद जी बाबा की यादों को ताजा किए हुए है। जिसमें करीब 115 साल पहले संत काले खां जी महाराज रहा करते थे। अब यहां कुटिया में उनके स्थान की देखभाल कर सेवा करने वाली महिला का परिवार रहता है जो नियमित छतरी के पास बने बाबा के स्थान की देखभाल करती है। बताते हैं कि काले खां बकरी चराते हुए यहां आएं थे और बाद में यही पर श्री कृष्णा भगवान की भक्ति में लीन हो गए।

### मातृ-पितृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**फुलेरा।** सांभर बाईपास रोड पर स्थित रेसीम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को मातृ-पितृ दिवस अत्यंत गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को समर्पित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक बीसी माली, नवेंदु गहलोत एवं लेखराज सैनी के द्वारा विधिवत सरस्वती पूजन के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, कविता, नाट्यय एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेरणादायक, संस्कारपूर्ण एवं भावनात्मक रहे, जिनसे उपस्थित अभिभावक भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से परे भारतीय परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों एवं मातृ-पितृ सम्मान का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। साथ ही वैलेंटाइन डे की सार्थक व्याख्या माता-पिता के सम्मान के रूप में प्रस्तुत कर एक सकारात्मक सामाजिक संदेश दिया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा नमिता शर्मा द्वारा तैयार की गई। मंच संचालन रेखा वर्मा ने किया। म्यूजिक व्यवस्था का संचालन भूमिका सबनानी द्वारा किया गया, जबकि समस्त गतिविधियों की उत्कृष्ट फोटोग्राफी रितु जैन ने की साथ ही कार्यक्रम को सफल व सुचारू बनाने में ज्योति सुमन, सोनिया, कोनिका, किरण गुर्जर, सिमरन आहूजा, उषा, मीनू एवं कृष्णा सहित समस्त विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में निदेशक बीसी माली ने सभी आगंतुक व विद्यालय परिवार के लोगों का आभार जताया।

### 'विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका'

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज राजऋषि अभय समाज संस्था के परिसर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अलवर के तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में शिरकत की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने ब्राह्मण महासभा ने रोजगार मेले का आयोजन कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे सभी वर्गों के बालक-बालिकाओं को इस मंच के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी समाजों को आगे आकर इस प्रकार के आयोजन करने चाहिए, जिससे हमारी युवा पीढी देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं की स्किल डवलपमेंट को दृष्टिगत रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं।

### पुलवामा हमले के शहीदों को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**भरतपुर ।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर द्वारा शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों की याद में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर के सदस्यों द्वारा किला स्थित शहीद स्मारक पर पहुँचकर पुष्प अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, महासचिव इं. जीवनलाल शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा ठेकेदार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शहीद खान, अमित गोरावर, लवकुश, अर्जुन सिंह सूबेदार, उपेन्द्र चंदेला, दिगम्बर खटाना, सुरेश पदयात्री, डॉ. लोकपाल सिंह, प्रेमसिंह प्रजापत, मनोज शर्मा पिक्चर पैलेस, नरेश लवानियां, अवधेश शर्मा, वीरेन्द्र नागर, चन्द्रभान फौजदार, नदीम मलिक आदि उपस्थित रहे।

### हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**टोंक।** निवाई उपखण्ड के ग्राम दतवास में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसका रघुनाथ मंदिर कि आचार्य द्वारा विधि-विधान से कलशों को स्थापित किया गया। इसी प्रकार ग्राम चैनपुरा व मुंडिया मंडलों क्षरा हिन्दू समाज में जागृति, समरसता और संगठन का भाव जगाने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों का शुभारंभ गुंसी के तालाब बालाजी मंदिर और मुंडिया के एनबीसी वाले बालाजी मंदिर से डीजे की धुन के साथ निकाली गई कलश यात्रा से हुआ।

# कोटा में आवारा श्वान ने मासूम बच्ची पर हमला कर कई जगह से काटा

## नयापुरा इलाके में बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी आवारा श्वान ने हमला कर दिया

- डॉग ने पहले बालिका के पैर पर काटा, फिर हाथ पर हमला किया और उसके बाद मुंह, होंठ, जबड़े और चेहरे पर गहरे जख्म कर दिए
- इसके बाद आवारा श्वान बालिका को मुंह में दबाकर खींचने लगा और ले जाने की कोशिश की
- बालिका की चीखें सुनकर पड़ौसी और परिवार वाले दौड़े आए, बालिका की बुआ ने डॉग पर डंडे से वार किया तो डॉग बालिका को छोड़कर भाग गया

**कोटा,** (निसं)। शहर में आवारा श्वान का आतंक एक बार फिर सामने आया है। शहर के नयापुरा इलाके में एक दो साल की मासूम बालिका पर स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया। बालिका मिस्टी घर के बाहर लगे नल के पास पर खेल रही थी, तभी एक आवारा श्वान आया और उस पर टूट पड़ा। डॉग के हमले में बालिका गंभीर रूप घायल हो गई, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।

डॉग ने पहले बालिका के पैर पर काटा, फिर हाथ पर हमला किया और उसके बाद मुंह, होंठ, जबड़े और चेहरे पर गहरे जख्म कर दिए। इतना ही नहीं, डॉग बालिका को मुंह में दबाकर खींचने लगा और उसे ले जाने की कोशिश करने लगा। बालिका की चीखें सुनकर पड़ौसी और उसके परिवार वाले दौड़े आए। बालिका की बुआ ने दौड़कर डॉग पर डंडे से वार किया, जिसके बाद डॉग बालिका को छोड़कर भाग गया।

बालिका के चाचा भावेश ने बताया कि घटना के तुरंत बाद बालिका को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि डॉग के हमले में उसके चेहरे, होंठ और जबड़े पर कई जगह गहरे कट लगे हैं। अब उसकी प्लास्टिक सर्जरी करानी होगी, जिसके लिए उसे निजी अस्पताल में दिखाया जा रहा है। भावेश ने बताया कि इलाके में आवारा डॉग्स की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। छोटे बच्चों का घर से बाहर निकलना अब मुश्किल हो गया है। गनीमत रही कि समय पर मासूम को बचा लिया गया वरना आवारा डॉग उसकी जान ले सकता था।

# दो करोड़ के 6067 किलो अफीम के पौधे जब्त, दो जने गिरफ्तार

## कैलादेवी थाना क्षेत्र के धौरेरा हार में सरसों के खेतों के बीच अफीम की खेती मिली

**करौली/जयपुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के तहत करौली जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कैलादेवी थाना क्षेत्र के धौरेरा हार में छापेमारी कर 6067 किलोग्राम अवैध अफीम के हरे पौधे बरामद कर दो जनों को गिरफ्तार किया हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन पौधों की कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है।

एसपी सोनवाल ने बताया कि तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए एक शातिर तरीका अपनाया था। आरोपियों ने अपने खेतों में ऊँची और घनी सरसों की फसल बोई थी और उसके ठीक बीचों-बीच अफीम की अवैध खेती कर रखी थी ताकि किसी को शक न हो। मुखबिर की सटीक सूचना पर जब पुलिस टीम ने खेतों के भीतर प्रवेश किया, तो वहां अफीम के पौधों का जखीरा देखकर दंग रह गई। कैलादेवी थानाधिकारी राम अवतार मीना के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चौरसिंह मीना (37) के खेत से 2955.400 किलो और मनकेश उर्फ पिन्टू मीना (32) के खेत से 3112.400 किलो अफीम के पौधे बरामद हुए। पुलिस ने 285 प्लास्टिक के कट्टों में इन पौधों को भरकर जब्त किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी घनश्याम उर्फ घासू मीना की तलाश जारी है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने नए क्रिमिनल लॉ का पालन करते हुए ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग किया। सर्च और जब्ती की पूरी वीडियोग्राफी क्लाउड पर अपलोड की गई ताकि साक्ष्यों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो सके। मौके पर नायब तहसीलदार मुनीराम मीना और हल्का पटवारी को बुलाकर राजस्व रिकॉर्ड की पुष्टि भी की गई। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि इन पौधों से अफीम निकालकर कहां सप्लाई की जानी थी और इस नेटवर्क के पीछे और कौन से बड़े चेहरे शामिल हैं।

# भीलवाड़ा के निजी अस्पताल में इंजेक्शन से युवती की मौत

- परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर धरना शुरु किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के एक निजी अस्पताल में शनिवार को उस समय भारी तनाव व्याप्त हो गया, जब उपचार के दौरान एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गलत इंजेक्शन लगाने और इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में ही धरना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रेनवास निवासी रवीना (18) पुत्री भंवर बलाई को पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजनों द्वारा निजी अस्पताल लाया गया था। परिजनों का कहना है कि भर्ती किए जाने तक रवीना की स्थिति सामान्य थी, लेकिन उपचार के दौरान जैसे ही उसे एक इंजेक्शन लगाया गया, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। कुछ ही मिनटों में युवती ने दम तोड़ दिया। युवती की मौत की खबर मिलते ही गांव से बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मृतका के आश्रितों को 50 लाख रुपये का उचित मुआवजा, संबंधित डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ मेडिकल लापरवाही का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने, अस्पताल की जांच कर लापरवाही सिद्ध होने पर उचित वैधानिक कदम उठाए जाने की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अस्पताल परिसर में बढ़ते तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों द्वारा परिजनों को शांत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल अस्पताल में माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। परिजन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और देर शाम तक तक शव उठाने को तैयार नहीं थे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

**दुष्कर्म का मामला दर्ज :** उदयपुर में पीड़िता का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी राकेश पुत्र वैसाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 12 फरवरी को आरोपी मुझे अपहरण कर उसके घर ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को नहीं बताने की हिदायत देकर छोड़ दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच फलासिया थानाधिकारी सीताराम को सौंपी है।

# कार्डियक अरेस्ट से हुई थी साध्वी प्रेम बाईसा की मौत, पुलिस ने 18वें दिन खुलासा किया

## 'साइंटिफिक जांच और इन्वेस्टिगेशन में साध्वी के शरीर में जहर नहीं पाया गया है'

- जांच में यह भी सामने आया है कि इलाज के दौरान कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से नियमों की अनदेखी की गई, इस स्थिति में लापरवाही सामने आई
- पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि 12 फरवरी को मिली एफएसएल रिपोर्ट और हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला है कि मौत कार्डियोपल्मोनरी अरेस्ट से हुई थी

**जोधपुर,** (कासं)। कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने यह खुलासा शनिवार शाम किया है। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार साध्वी की मौत का मुख्य कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारी के चलते आया हार्ट अटैक (कार्डियोपल्मोनरी अरेस्ट) था। हालांकि, जांच में यह भी सामने आया है कि इलाज के दौरान कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से नियमों की अनदेखी की गई। इस स्थिति में लापरवाही सामने आई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 12 फरवरी को मिली एफएसएल रिपोर्ट और हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला है कि मौत शॉक के कारण हुई, जो फेफड़ों की बीमारी के परिणामस्वरूप आए कार्डियोपल्मोनरी अरेस्ट से हुई।

पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि साइंटिफिक जांच और इन्वेस्टिगेशन में साध्वी के शरीर में जहर नहीं पाया गया है। साथ ही किसी भी प्रकार के यौन अपराध या बाहरी व आंतरिक चोट के निशान भी शरीर पर नहीं मिले हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित एसआईटी ने इस मामले में हर स्तर पर साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि जांच दल ने अब तक 44 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। साथ ही 106 लोगों की कॉल डिटेल और सोशल मीडिया एक्टिविटी का विश्लेषण किया गया है। साध्वी की मेडिकल हिस्ट्री खंगाली गई, जिसमें वे किन डॉक्टरों के संपर्क में थी और पूर्व में कौन सी दवाइयां ले रही थी, इसका पूरा ब्योरा जुटाया गया है। घटनाक्रम की सटीक टाइमलाइन तैयार करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और उस दौरान मिलने वाले लोगों के बयानों का सहारा लिया गया है। जांच में सबसे गंभीर तथ्य कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से दिए गए इंजेक्शन को लेकर सामने आया है।

जानकारी के अनुसार जोधपुर शहर के बोरानाडा इलाके में आरती नगर स्थित आश्रम में 28 जनवरी को साध्वी प्रेम बाईसा की तबीयत बिगड़ी थी। तब उन्हें जुकाम होने और सांस लेने में परेशानी होना बताया गया था। तब इलाज के लिए कंपाउंडर देवीलाल सिंह को बुलाया गया था। कंपाउंडर देवीसिंह ने दो इंजेक्शन लगाए थे। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद उनकी तबीयत अचानक और ज्यादा बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें लेकर पाल रोड स्थित प्रेक्षा हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था। साध्वी के पिता वीरमनाथ हॉस्पिटल से शव को आरती नगर स्थित आश्रम ले आए थे। पुलिस की दखल के बाद देर रात को शव एमजीएच मोर्चरी में रखवाया था। इसके अगले दिन 29 जनवरी को देर शाम एमजीएच हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया था। तीस जनवरी को बाड़मेर के परेऊ गांव में साध्वी प्रेम बाईसा को समाधि दी गई थी। दो फरवरी को विसरा सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। 11 दिन में एफएसएल जांच पूरी हुई। इसके बाद रिपोर्ट गुरुवार को जोधपुर पुलिस को सौंप दी गई। पुलिस ने एफएसएल जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञों से भी राय ली।

# नागौर में अवैध खनन पर कार्रवाई, दस करोड़ के वाहन व मशीनें जब्त

## खींवसर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया

**जयपुर/नागौर।** अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए नागौर पुलिस ने खींवसर क्षेत्र में चल रहे माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के नेतृत्व में खींवसर पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रेमनगर की सरहद से करीब 10 करोड़ रुपये कीमत की मशीनें और वाहन जब्त कर खनन माफियाओं में हड़कंप मचा दिया।

एसपी कच्छावा ने बताया कि पुलिस टीम ने जब प्रेमनगर और बैरावास की सीमा पर दबिश दी तो वहां अवैध खनन का बड़ा खेल चल रहा था। पुलिस ने मौके से पहाड़ों का सीना चीरने वाली चार विशालकाय चैन माउंटेड एलएनटी पोकलेन मशीनें, तीन जेसीबी, चार भारी भरकम डम्पर और तीन ट्रैक्टर जब्त किए हैं। इसके अलावा माफियाओं द्वारा निगरानी में इस्तेमाल की जाने वाली एक स्कॉर्पियो और एक मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त किया है। 16 वाहनों को भारी जाप्ते के साथ थाने लाकर खड़ा किया गया है। वहीं पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त नौ आरोपियों को धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी न केवल नागौर, बल्कि जोधपुर ग्रामीण, डीग, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा और ब्यावर जैसे अलग-अलग जिलों के निवासी हैं, गिरफ्तार आरोपियों में राधाकिशन, मदनलाल, जलीस, विष्णु, राजमल, नेमाराम, देवराजसिंह, शंकरसिंह और सुरेश कुमार चौधरी शामिल हैं।

इस पूरी कार्यवाही को सफल बनाने में खींवसर थानाधिकारी कन्हैयालाल और डीएसटी प्रभारी मुकेश कुमार की टीम का विशेष योगदान रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी और वृत्ताधिकारी धरम पुनिया के सुपरविजन में टीम ने इतनी गोपनियता से दबिश दी कि माफियाओं को भागने का मौका तक नहीं मिला। एसपी कच्छावा ने साफ कर दिया है कि नागौर की धरती पर अवैध खनन और प्राकृतिक संसाधनों की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 14 लाख के गबन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- बैंक से 14 लाख से अधिक का गबन किया था, नोखा पुलिस ने पकड़ा

**नोखा,** (निसं)। पुलिस ने भारत फाइनेंशियल लिमिटेड बैंक से 14 लाख 28 हजार 797 रुपए के गबन के मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीडवाना से की गई। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि परिवादी मनीष यादव ने नोखा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि बैंक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को ऋण प्रदान करती है। बैंक के फील्ड ऑफिसर शक्ति सिंह, राकेश, मनीष यादव, कमल डेरू और दिनेश पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप है।

आरोप है कि इन अधिकारियों ने 72 महिलाओं को बड़ा ऋण पास कराने का झांसा दिया। इसके बाद उन्होंने ऋण की राशि और किस्तों के पैसे सीधे महिलाओं से ले लिए, लेकिन उन्हें बैंक में जमा नहीं कराया। सत्यापन के बाद इन लोगों पर 14,28,797 रुपए के गबन का आरोप लगा। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नागौर जिले के दागड़ी खेरवा निवासी शक्ति सिंह और डीडवाना कुचामन जिले के बंधा पायतान, खिंचिया बासनी निवासी राकेश शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ और आगे की जांच जारी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक तनसुखराम, कॉन्स्टेबल सतीश कुमार और कॉन्स्टेबल खुशराज शामिल थे।

# आरटीई की नई गाइडलाइन जारी, चार क्लासों में फ्री एडमिशन होगा

- 20 फरवरी से आवेदन शुरू होंगे, 6 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी

**बीकानेर,** (निसं)। यहां प्राइवेट स्कूलों में पहली बार नर्सरी से लेकर पहली क्लास तक यानी 4 क्लासों में राइट टू एजुकेशन के तहत एडमिशन हो पाएगा। इसके लिए 20 फरवरी से आवेदन शुरू हो जाएंगे, जबकि 6 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय ने इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बार नर्सरी से पहली क्लास तक यानी कुल 4 क्लास में आरटीई से फ्री एडमिशन दिया जाएगा।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय की सहायक निदेशक और आरटीई एडमिशन प्रभारी चंद्र किरण पंवार ने बताया कि नर्सरी क्लास में 3 से 4 साल तक और फर्स्ट क्लास में 6 से 7 साल तक के स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जा रहा है। नर्सरी और पहली क्लास में ही एडमिशन हो पाता था। पेरेंट्स या तो नर्सरी या फिर पहली क्लास के लिए ही आवेदन कर सकते थे। इस बार शिक्षा विभाग ने इसमें बदलाव करते हुए चार क्लासों को जोड़ा है। इसके तहत नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली क्लास में एडमिशन हो पाएंगे। प्री प्राइमरी 3 प्लस यानी नर्सरी में 3 साल से अधिक और 4 साल से कम उम्र के स्टूडेंट्स, प्री प्राइमरी 4 प्लस यानी एलकेजी में 4 वर्ष से 5 वर्ष तक के स्टूडेंट्स, प्री प्राइमरी 5 प्लस यानी यूकेजी में 5 वर्ष से अधिक और 6 वर्ष से कम आयु के स्टूडेंट्स और फर्स्ट क्लास में 6 वर्ष से अधिक और 7 वर्ष से कम उम्र के स्टूडेंट्स को एडमिशन मिल सकेगा। सभी प्राइवेट स्कूलों में पिछले 3 सालों में नर्सरी से फर्स्ट क्लास तक के एडमिशन की संख्या को देखा जाएगा। ये संख्या पहले से शिक्षा विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संख्या के आधार पर एक एवरेज संख्या तय होगी। इसी संख्या की 25 प्रतिशत सीट पर फ्री एडमिशन दिया जाएगा। अगर इस संख्या के आधार पर एलकेजी में 10 सीट आती है और नर्सरी से प्रमोट होकर 8 स्टूडेंट्स आ गए हैं तो शेष 2 सीट पर एडमिशन होगा। इसी तरह यूकेजी में अगर कुल 10 सीट है और 5 सीट खाली है तो 5 पर एडमिशन होगा। ऐसा ही फॉमूर्ला क्लास फर्स्ट के लिए रहेगा। कई बार नर्सरी में एडमिशन लेने के बाद स्टूडेंट्स एलकेजी या यूकेजी में स्कूल छोड़ देते हैं। ऐसे में प्राइवेट स्कूल इस खाली सीट पर फ्री एडमिशन नहीं दे पाते थे। अब ये खाली सीटें भर जाएगी, जिससे प्रदेश में फ्री एडमिशन पाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

# रणथम्भौर टाइगर रिजर्व का "बाघ टी 2407" बन सकता है "बाघिन महक" का साथी

- प्रदेश की सबसे उम्रदराज बाघिन महक कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में बीते डेढ़ साल से अकेली है
- रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से बाघ टी 2407 को अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा



प्रदेश की सबसे उम्रदराज बाघिन महक।

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश की सबसे उम्रदराज "बाघिन महक" कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में बीते डेढ़ साल से अकेली है, जिसके लिए साथी ढूंढा जा रहा है। यह तलाश सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में आदमखोर हो चुके तीन वर्षीय "बाघ टी 2407" पर पूरी हुई है, जिसको कोटा लाए जाने पर सहमति बनी है। इसको लेकर नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) से अनुमति मांगी गई है। रणथम्भौर इस बाघ को देने के लिए तैयार है। अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क लेने के लिए तैयार है। दोनों के वाइल्डलाइफ वार्डन को इस संबंध में पत्र भी भेज दिया है। दोनों बाघ और बाघिन की जोड़ी बन सकती है, लेकिन ब्रीडिंग के चांस काफी कम है। यह केवल एक-दूसरे को संबल दे सकेंगे।

कोटा के उपवन संरक्षक वन्यजीव अनुराग भटनागर का कहना है कि केप्टिविटी में रखे हुए टाइगर टी 2407 के संबंध में जानकारी मिली थी। ऐसे में उन्होंने रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से इस टाइगर को अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिख दिया है, जहां से एनटीसीए को पत्र भेजा गया है। एनटीसीए की परमिशन आ जाने के बाद इसे शिफ्ट किया जा सकता है। वहीं रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रबंधन भी इस टाइगर को शिफ्ट करने के लिए सहमत है। उन्होंने भी इस तरह का पत्र वाइल्डलाइफ वार्डन को भेजा हुआ है। इसके बाद 21 साल 5 माह की बाघिन का साथी युवा बाघ बन सकता है। अनुराग भटनागर का कहना है कि जब केप्टिविटी में टाइगर को रखना ही है तो उसे जू या बायोलॉजिकल पार्क में रखा जा सकता है। दूसरे वन्यजीव को उससे कोई परेशानी भी नहीं होगी। ऐसे में कोटा में जब बाघिन महक अकेली है तो उसको साथी भी मिल जाएगा।

अनुराग भटनागर का कहना है कि जंगल में रहने वाले बाघ की उम्र 12 से 14 साल के बीच ही रहती है जबकि केप्टिविटी में रहने वाले बाघ 16 से 18 साल तक जीते हैं, लेकिन 21 साल तक जीना, बेहतर सुविधा मिलना और अच्छा उपचार होना ही है। राजस्थान के बायोलॉजिकल पार्क और चिड़ियाघर में महक और उसकी बहन रंभा की अच्छी सेहत का राज भी यही है। उनका कहना है कि महक बीते डेढ़ साल से अकेली जरूर है, लेकिन वह पूरी तरह से मजबूत और पूरे एंक्लोजर में घूमती रहती है। वह एंक्लोजर के बाहरी एरिया में ही ज्यादा रहती है, जिससे पर्यटकों को नजर भी आती रहती है। इतनी उम्र होने के बाद भी वह अच्छी और लगभग फिट जैसी ही है। दरअसल साल 2004 में 28 अगस्त को बाघिन चंदा ने चार शावकों को जन्म दिया था। उसमें रंभा, महक, गौरी और रुद्र शामिल थे। इनमें केवल बाघिन महक ही जीवित है।

टाइगर मैन दौलत सिंह शक्तावत का कहना है कि आदमखोर होने के बावजूद भी टाइगर अपनी प्रजाति के दूसरे वन्य जीव पर हमला नहीं करता है। रिजर्व में अपनी टेरिटरी को लेकर बाघों में झगड़ा जरूर होता है। इस संघर्ष में बाघों की जान चली जाती है लेकिन अधिकांश मामलों में फाइट होने के बाद कमजोर बाघ अपनी दूसरी टेरिटरी खोजने में जुट जाता है। अपनी ही प्रजाति के दूसरे वन्य जीव पर हमला कैनिबलिज्म बोला जाता है। यह बहुत कम देखने को मिलता है, क्योंकि अधिकांश कार्निवोरस वाइल्ड एनिमल हरबिबोर का ही शिकार करते हैं। इसीलिए आदमखोर होने के बावजूद भी टाइगर टी 2407 बाघिन महक के साथ आसानी से रह सकता है।

शक्तावत का कहना है कि बाघिन अपने जीवनकाल में तीन से चार बार शावकों को जन्म दे सकती है। शावक को जन्म देने की उम्र 12 साल के आसपास रहती है। अमूमन 12 साल के बाद बाघिन के शावक होने की संभावना काफी कम रहती है। ऐसे में बाघिन महक को एकाकीपन में मदद मिलेगी। एकाकी जीने से लाइफ स्पान कम हो जाता है। जवानी में दिखाई नहीं देता है। हालांकि उम्र होने पर संबल की जरूरत होती है सोशल बॉन्डिंग बढ़ जाएगी। केप्टिविटी यानी जू व बायोलॉजिकल पार्क में रहने वाले वन्य जीव के लिए प्रे (शिकार या भोजन) की व्यवस्था राज्य सरकार करती है और इन्हें पर्यटकों से होने वाली आमदनी के अलावा राज्य सरकार से जारी होने वाले बजट के जरिए प्रे उपलब्ध करवाया जाता है। जबकि खुले जंगल में या रिजर्व में रहने वाले वन्य जीव को स्वयं प्रे की व्यवस्था करनी होती है। उनके लिए ऐसा कोई बजट नहीं होता है। ऐसे में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में वर्तमान में टाइगर टी 2407 को केप्टिविटी में रखा गया है। बीते कई महीने से वह कैद में है, इसलिए उसके प्रे की व्यवस्था करना रिजर्व प्रबंधन की जिम्मेदारी हो गई है। इसमें काफी समस्या का सामना भी उन्हें करना पड़ रहा है। इसी के चलते उन्होंने इसे जून में शिफ्ट करने के लिए भी पत्र लिखा है।

# वन विभाग टीम पर हमला, रेंजर घायल

**उदयपुर,** (निसं)। वन विभाग भूमि से अतिक्रमण हटाने पर रेंजर व साथी कर्मचारियों पर अतिक्रमियों ने हमला कर दिया। हमले में रेंजर घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जिले के पानरवा वन विभाग रेंज के रेंजर राजेश कुमार पुत्र शांतिलाल परमार निवासी सतीरामपुर सदर डूंगरपुर ने जूनीपादर निवासी मीठा पुत्र भोमा गमार, होलिया पुत्र भेमा, थावरा पुत्र अन्ना निवासी माण्डवा सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि गत दिनों पानवा वन रेंज में आरोपियों द्वारा कब्जा करने की सूचना मिली थी। इस पर 12 फरवरी को वन विभाग अधिकारी एवं पुलिस जाब्ता ने अतिक्रमण हटाया था। इससे आक्रोषित आरोपियों ने हमला कर दिया था।

# दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सहित सहयोगी को पकड़ा

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि एक 14 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने थाने में 12 फरवरी को प्रार्थना पत्र दिया। शिकायत में कहा कि दिलसान नाम के युवक ने अप्रेल 2025 में उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को घटना के बारे में नहीं बताने को लेकर धमकी दी। शिकायत में कहा कि 12 फरवरी को जब वह उसके चाचा के घर पर थी तो दिलसान ने फोन करके उसको बुलाया और दिलसान के साथ उसका मित्र शाहरूख भी मौजूद था। दिलसान ने उसके साथ दुबारा गलत काम किया और उसका मित्र शाहरूख दूर खड़े होकर निगरानी कर रहा था। ग्रामीण एसपी ने कहा कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। सांगोद थानाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई, गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जगह-जगह दबिश दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रूपये की इनाम राशि घोषित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि सांगोद थानाधिकारी अनिल कुमार ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दिलसान को बोरखेड़ा कोटा से डिटेन किया एवं उसके सहयोगी आरोपी शाहरूख को डिटेन कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# विंग कमांडर के घर लाखों की चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। एयरफोर्स एरिया में रहने वाले विंग कमाण्डर के घर से लाखों के आभूषण चोरी हो गए। इसमें उनकी तरफ से अपनी नौकरानी पर संदेह जाहिर करते हुए रिपोर्ट दी गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज किया है, अग्रिम जांच की जा रही है। घटना 11-12 फरवरी के बीच की है।

एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि नई दिल्ली के रोहिणी स्थित आकाश गंगा अपार्टमेंट हाल बाड़मेर एयरफोर्स स्टेशन में तैनात विंग कमाण्डर परिवेला तेजोधर का एक मकान यहां एयरफोर्स स्टेशन में आया हुआ है। दो तीन दिन पहले उन्होंने अपने घर में सूटकेस में पांच डायमंड रिंग, एक सोने की चेन, ब्रासलेट, पेडेंट व अन्य छोटे सोने के आभूषण रखे थे। बाद में वह सूटकेस को लॉक करना भूल गए। घटना के समय घर की नौकरानी वहीं पर मौजूद थी। शुक्रवार को जब सूटकेस संभाला तब आभूषण उसमें नहीं मिले। नौकरानी से भी पूछताछ की गई, मगर संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। इस पर उन्होंने एयरपोर्ट थाने में इसकी रिपोर्ट दी। फिलहाल प्रकरण दर्ज किया गया है।

**डोडा-चूरा सहित आरोपी को पकड़ा :** कोटा में सुल्तानपुर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान अवैध मादक पदार्थ डोडा- चूरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सुल्तानपुर थानाधिकारी अंकित कुडी ने मय जाब्ता इलाके में गश्त व चैकिंग के दौरान झोटोली रोड नर्सरी के पास एक जने पर संदेह होने पर उसे रोककर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया।

# 46 हजार करोड़ रूपए की 10 अल्ट्रा मेगा परियोजना को कस्टमाइज़ पैकेज मिलेगा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमैंट की बैठक ने स्वीकृति दी

जयपुर, 14 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की 6वीं बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने राजस्थान में 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सेक्टर की 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी। बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों से प्रदेश में 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

**■ ये दस परियोजनाएं सोलर मॉड्यूल एवं सैल मैन्युफैक्चरिंग तथा नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, माइंस व मिनरल्स, ऑटोमोबाइल, कैमिकल, टैक्सटाइल एवं पर्यटन क्षेत्र से हैं। इससे 12 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की 6वीं बैठक हुई। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री ने सोलर मॉड्यूल एवं सैल मैन्युफैक्चरिंग तथा नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, माइंस और मिनरल्स, ऑटोमोबाइल, कैमिकल, टैक्सटाइल एवं पर्यटन सेक्टर से संबंधित अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को रिप्स के तहत कस्टमाइज्ड पैकेज की स्वीकृति प्रदान की।

शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू की जिलेवार प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) को और अधिक प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश की हस्तशिल्प कला को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर विक्रय हेतु विशेष स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गलरिया, आयुक्त बीआईपी सुरेश कुमार ओला, अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी जुगल किशोर मीना सहित, बीआईपी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# एस जयशंकर म्युनिख पहुंचे

नई दिल्ली, 14 फरवरी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यहां उन्होंने जी7 समूह के विदेश मंत्रियों के साथ अहम बैठक की। उन्होंने भारत के यूएनएससी को सहयोग समेत, साझा हितों पर बात की। जयशंकर ने एक्स पर कुछ तस्वीरों को पोस्ट करके इसकी जानकारी दी।

**■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लिया व जी-7 ग्रुप के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की।**

विदेश मंत्री ने लिखा, समुद्री संचार रेखाओं की सुरक्षा, सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले के तौर पर काम करना, बंदरगाह सुरक्षा को मजबूत करने और सबमरीन केबल संरचना के लिए मदद करने में हमारी भूमिका पर बल दिया। इस बातचीत में भारत और जी7 के बीच कई समानताएं और साझा हित पर भी मंथन हुआ। इसके साथ ही, एस जयशंकर ने एक गोलमेज बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, म्यूनिख में आस्पेन के राउंडटेबल 'दिल्ली डिसाइड्स: मैपिंग इंडियाज पॉलिसी कैलकुलस' के साथ अहम बैठक की। बहुध्रुवीय मांगों को पूरा करने के लिए एक तेज और बेजोड़ विदेश नीति की जरूरत पर जोर दिया।

# चाकसू के पास कार दुर्घटना में 5 की दर्दनाक मौत

## टिगरिया मोड़ पर सुबह 5 बजे ड्राइवर को झपकी आने से तेज रफ्तार कार ट्रेलर में घुस गई

जयपुर, 14 फरवरी। चाकसू थाना इलाके में स्थित कोटा नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त कार को ट्रेलर से अलग किया और सभी मृतकों को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने काफी प्रयास से मृतकों की शिनाख्त कर हादसे की सूचना उनके परिजनों को दी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि चाकसू के टिगरिया मोड़ पर शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे कोटा नेशनल हाईव पर ट्रेलर और कार की टक्कर की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे पांच लोगों को काफी मुश्किल से बाहर निकाला। जिनमें एक महिला समेत चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि कार चालक को अचानक से नींद की झपकी आ गई और तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में पांच लोगों के शव बुरी तरह से फंस गए। बताया जा रहा है कि सभी लोग मध्य प्रदेश के जबलपुर के रहने वाले थे और महाकाल उज्जैन के दर्शन कर खाटूश्यामजी सीकर जा रहे थे। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से अलग-अलग किया और राहगीरों की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाल उप जिला अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। करीब दो घंटे बाद यातायात सुचारू कराया गया।

**■ जबलपुर के रहने वाले यात्री उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने के बाद खाटू श्याम जी जा रहे थे।**

गौरतलब है कि मृतका रेशमा श्रीवास्तव जबलपुर के रेलवे शासकीय स्कूल में सरकारी टीचर थीं। उनके पति अखिलेश श्रीवास्तव पिछले साल लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन से हायर ग्रेड असिस्टेंट पद से रिटायर हुए थे। रेशमा की 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी पलक ने ग्रेजुएशन पूरी कर ली है, जबकि छोटी बेटी पूजा 11वीं क्लास में पढ़ाई कर रही है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक के चालक सत्यनारायण निवासी काछोला (भीलवाड़ा) को दस्तयाब कर लिया है। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने जब्त कर थाने में खड़ा करवाया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# 'पिच से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होंगे, यह सवाल मौजूदा तनाव के केन्द्र पर था। हमेशा संयमित रहने वाले सलमान ने सीधा हां या ना कहने के बजाय, ऐसा जवाब दिया, जिससे सबकी उत्सुकता बनी रही।

उन्होंने कहा, "कल पता चल जाएगा," और इस तरह खेल भावना के एक संभावित क्षण के लिए दरवाजा खुला छोड़ दिया।

# असम हाइवे पर प्र.मंत्री के विमान की इमरजैंसी लैंडिग

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के मोरान में पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (इमर्जेंसी लैंडिंग फैसिलिटी-ईएलएफ) पर सी-130 जे विमान से ऐतिहासिक लैंडिंग की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के एक दिवसीय दौरे की शुरुआत की, जहां जल्द ही चुनाव होने वाले हैं।

वे अपने आगमन के बाद, चाबुआ हवाई अड्डे से उड़ान भरकर राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के मोरान स्थित हिस्से पर बने ईएलएफ पर उतरे।

इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा था कि यह ईएलएफ आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बचाव एवं राहत कार्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। 100 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 4.2 किमी लंबा सुदृढ़ीकृत मोरान बाईपास खंड, भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों और परिवहन विमानों के लिए एक रणनीतिक एवं बहुउद्देशीय रनवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे रक्षा, लॉजिस्टिक्स और आपदा प्रतिक्रिया को मजबूती मिलेगी।

**■ यह असल में पूर्वोतर की पहली इमरजैंसी लैंडिग फैसिलिटी है और इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विमान की इमरजैंसी लैंडिग करवाई।**

यह सुविधा नागरिक और सैन्य, दोनों उपयोगों के लिए डिजाइन की गई है और आपात स्थिति में डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे के विकल्प के रूप में कार्य करेगी। यह ईएलएफ 40 टन तक के लड़ाकू विमान और 74 टन अधिकतम टेक-ऑफ वजन वाले परिवहन विमान संभालने में सक्षम है। भारत के पहले ईएलएफ का उद्घाटन वर्ष 2021 में राजस्थान के बाड़मेर जिले में किया गया था।

लैंडिंग के बाद, पीएम मोदी ने लगभग 40 मिनट का एयर शो देखा, जिसमें तेजस, सुखोई, राफेल और अन्य लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया।

वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। वे ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तर गुवाहाटी से जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित पुल का लोकार्पण करेंगे, जिससे यातायात जाम में उल्लेखनीय कमी, यात्रा समय में कमी और नदी के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों के बीच बेहतर संपर्क की उम्मीद है। वे बोंगोरा में भारतीय प्रबंधन संस्थान (इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट-आईआईएम) गुवाहाटी के अस्थायी परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

# इंडिगो की कोलकाता -शिलांग फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

कोलकाता, 14 फरवरी। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कोलकाता से शिलांग जाने वाली इंडिगो की एक निर्धारित उड़ान में बम की आशंका जताई गई।

एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से शनिवार सुबह जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि विमान के शौचालय के भीतर एक हस्तलिखित पर्ची बरामद हुई, जिसमें बम होने का संकेत दिया गया था।

यह पर्ची विमान के एक क्रू सदस्य की नजर में आई। संदिग्ध संदेश मिलते ही चालक दल ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही हवाई अड्डे पर आपात सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया गया।

# क्या रहमान के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे प्र.मंत्री मोदी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 फरवरी। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में प्रचंड जीत के बाद अपने नेता तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित, अन्य क्षेत्रीय नेताओं को आमंत्रित कर सकती है। रहमान के अगले सप्ताह बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की संभावना है।

बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर ने डब्ल्यु आई ओ एन से कहा कि पीएम मोदी को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जा सकता है, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में संभावित नरमी का संकेत है। उन्होंने उल्लेख किया कि मोदी पहले ही रहमान को उनकी निर्णायक चुनावी जीत पर बधाई दे चुके हैं।

कबीर ने कहा, "यह क्षेत्र हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसे प्रभावशाली बनाना तारिक रहमान की विदेश नीति का अहम हिस्सा है। शपथ ग्रहण के लिए निमंत्रण भेजने में प्राथमिकता की भावना है। समय सीमा कम है, लेकिन सद्भावना का संकेत मौजूद है।"

**■ बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया जा सकता है।**

हालांकि, शपथ ग्रहण समारोह में मोदी की उपस्थिति को लेकर अभी तक भारत सरकार या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

कबीर ने इस संभावित निमंत्रण को बेहतर संबंधों की दिशा में एक सद्भावनापूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, जब आप किसी को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण देते हैं, तो स्वाभाविक रूप से उम्मीद होती है कि वे आएं। यह एक सद्भावना संकेत है।

यदि औपचारिक निमंत्रण भेजा जाता है और स्वीकार किया जाता है, तो समारोह में मोदी की उपस्थिति ढाका में नए राजनीतिक नेतृत्व के तहत भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हो सकती है। नई दिल्ली पहले ही नए नेतृत्व के साथ जुड़ने की अपनी इच्छा जता चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर एक पोस्ट में रहमान को उनकी निर्णायक जीत पर औपचारिक बधाई दी और बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने तथा साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। बाद में मोदी ने रहमान से फोन पर भी बातचीत की।

# दिल्ली में 10-15 साल पुरानी गाड़ियां जब्त होंगी

नई दिल्ली, 14 फरवरी। दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने शनिवार को एक पब्लिक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि सड़कों पर खड़ी या चल रही कोई भी पुरानी गाड़ी बिना किसी पहले नोटिस के स्क्रैप कर दी जाएगी। पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के लिए अलग-अलग नियम हैं। इस कदम का मकसद नेशनल कैपिटल में एयर पॉल्यूशन स्टैंडर्ड्स को सख्ती से लागू करना है।10 साल से पुरानी डीजल गाड़ियां और 15 साल से पुरानी पेट्रोल गाड़ियां पुरानी गाड़ियों की कैटेगरी में आती हैं। अपने नोटिस में, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने पुरानी गाड़ियों के मालिकों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेने और अपनी गाड़ियों को शहर से बाहर ले जाने की रिक्वेस्ट की है।

# अमेरिका व यूरोप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अमेरिका और यूरोप के विचारों में अंतर अभी भी साफ दिखाई देता है। हालांकि मार्क रुबियो ने इसे नरम और समझाने वाले तरीके से पेश किया, जबकि उपराष्ट्रपति वेंस का तरीका काफी सख्त था। यह अंतर डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका और पारंपरिक अमेरिका के बीच सोच का अंतर भी दिखाता है, न कि यूरोप में किसी बड़े बदलाव को।

इसके बावजूद, अमेरिका लगातार यूरोप से कहता रहा है कि वह अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद ज्यादा उठाए, बजाय इसके कि पूरी तरह अमेरिका पर निर्भर रहे। यह इस रिश्ते के लेन-देन वाले स्वरूप की याद दिलाता है, जिसमें यूरोप से उम्मीद की जाती है कि वह अपनी सुरक्षा पर ज्यादा खर्च करे।

कई मायनों में इस आलोचना से यूरोप को फायदा भी हुआ है। इस झटके ने यूरोपीय देशों को अपनी पुरानी सोच बदलने और अमेरिका पर निर्भर रहने की आदत से बाहर आने के लिए प्रेरित किया है।

नए हालात में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने यूरोपीय यूनियन के साथ फिर से मजबूत संबंध बनाने की बात कही है। ब्रिटेन करीब दस साल पहले यूरोपीय साझा बाजार से बाहर निकल गया था और उसने दुनिया के अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत करने की नीति अपनाई थी।

अब दूसरे यूरोपीय देश भी अमेरिका से अलग आपसी सहयोग बढ़ाने की बात कर रहे हैं। यूरोपीय साझा सेना बनाने और संयुक्त सैन्य कमान बनाने जैसे विचार भी सामने आ रहे हैं।

ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड अमेरिका के पास होना चाहिए और जरुरत पड़े तो सेना का विकल्प भी है, इस बात से यूरोपीय देश सतर्क व एकजुट हो गए हैं।

आखिरकार रूस के खतरे ने यूरोप में डर पैदा किया है और उसे एहसास कराया है कि वह रूसी आक्रमण के सामने कितना कमज़ोर हो सकता है। इस डर को बनाए रखने के लिए यूरोपीय देशों ने आज रूसी विपक्षी नेता एलेक्स नवलनी की हत्या पर संयुक्त बयान जारी किया।

उन्होंने कहा कि दो साल पहले साइबेरिया की जेल में बंद रहने के दौरान नवलनी को मारने के लिए दक्षिण अफ्रीकी डार्ट फ्रॉग के जहर का इस्तेमाल किया गया था।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले बदमाशों का गैंग पकड़ा

## पुलिस ने बताया एनसीआर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ये बदमाश ऑनलाइन बेटिंग के जरिए भी ठगी करते थे

नोएडा, 14 फ़रवरी। उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (नोएडा यूनिट) ने बीती रात को एनसीआर के विभिन्न नामी निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले गैंग के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग ऑनलाइन बैटिंग के जरिए ठगी भी करते थे। आरोपियों के कब्जे से वह मोबाइल फोन भी मिला है जो नोएडा के विभिन्न स्कूलों को भेजे गए धमकी भरे ई-मेल से जुड़े रिकवरी मेल में प्रयोग किया गया था।

अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नेपाल और भारत के नागरिक शामिल हैं। आरोपी गाजियाबाद के इंदिरापुरम और शाहबेरी क्षेत्र में रहकर कॉल सेंटर के रूप में अवैध ऑनलाइन बैटिंग नेटवर्क संचालित कर रहे थे। जांच में सामने आया कि धमकी भरा मेल यूएसए से ओरिजिनेट हुआ था। हालांकि तकनीकी पड़ताल में यह भी पता चला कि उससे जुड़ा रिकवरी ई-मेल बांग्लादेश और भारत से लिंक था। आगे की जांच में रिकवरी मेल का कनेक्शन थाना बिसरख क्षेत्र के शाहबेरी इलाके से जुड़ा पाया गया। इसी के आधार पर एसटीएफ ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**■ पुलिस ने बताया गिरोह में 6 बदमाश हैं इनका सरगना नेपाल का अमीष है।**

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में अमीष जंग कारकी (नेपाल), अनन्त कुमार (आगरा), दिव्यांशु (बिहार), साहिल कुमार (बिहार), लेखनाथ शर्मा (नेपाल) और केदारनाथ (नेपाल) शामिल हैं। इनके पास से चार लैपटॉप, 22 मोबाइल फोन, दो नेपाली पासपोर्ट, दो फर्जी आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, 16 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, एक चेकबुक, नेपाली पैन कार्ड, नागरिकता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और 19 हजार 500 रुपये भारतीय मुद्रा बरामद हुई है।

पूछताछ में मुख्य आरोपित अमीष ने बताया कि वह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। उसने 2019-20 में ऑस्ट्रेलिया से बीबीए किया है। वर्ष 2023 में उसने देवराज नामक व्यक्ति के साथ गेममानो कंपनी में काम किया था। सोशल मीडिया के जरिए अनन्त को जोड़ा गया, जो पूर्व में नोएडा स्थित धनी ऐप ऑफिस में कार्यरत था। वहीं अनन्त और दिव्याशु 12वीं पास हैं। इनकी उम्र करीब 25 वर्ष है। लेखनाथ और केदारनाथ ने नेपाल और ऑस्ट्रेलिया से एमबीए की पढ़ ाई की है। पुलिस के अनुसार पढ़ े-लिखे युवाओं द्वारा संगठित तरीके से साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एसटीएफ को आरोपितों के कब्जे से वह मोबाइल फोन भी मिला है, जो धमकी भरे ई-मेल से जुड़े रिकवरी मेल में इस्तेमाल हुआ था। इस मोबाइल की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या धमकी भरे ई-मेल और बेटिंग नेटवर्क का कोई प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं।

# बड़े अफसरों के किताब लिखने पर 20 साल की रोक लगेगी!

नई दिल्ली, 14 फरवरी। सेना और सरकार से जुड़े वरिष्ठ पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने को लेकर सख्त नियम लाने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बताया है कि सरकार एक प्रस्ताव पर मंथन कर रही है, जिसके तहत सेना के वरिष्ठ अधिकारियों समेत बड़े सरकारी पदों पर रहे लोगों के लिए रिटायरमेंट के बाद कम से कम 20 साल का 'कूलिंग-ऑफ पीरियड' तय किया जा सकता है। इस अवधि के पूरा होने से पहले वे अपनी किताब या संस्मरण प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में जल्द ही औपचारिक आदेश जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

यह पूरा घटनाक्रम पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच सामने आया है। इस किताब में अगस्त 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैन्य टकराव के दौरान की घटनाओं को लेकर किए गए दावों ने बीते दो हफ्तों से संसद में तीखी बहस छेड़ रखी है। केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को हुई बैठक में यह मुद्दा चर्चा में आया। हालांकि यह मुद्दा बैठक के आधिकारिक 27 सूत्रीय एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान कई मंत्रियों ने राय दी कि प्रभावशाली पदों पर रहे लोगों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक लंबा कूलिंग-ऑफ पीरियड जरूरी होना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि इस पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है।

**■ राजनैतिक व प्रशासनिक हल्कों में इसे नरवणे की किताब को लेकर उठे विवाद का "साइड इफैक्ट" बताया जा रहा है**

# 'कट्टरपंथी हिंदुत्व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आज के बांग्लादेश में शेख हसीना और अवामी लीग का अस्तित्व नहीं है।" स्पष्ट है कि भारत में शेख हसीना की मौजूदगी बीएनपी को परेशान कर रही है। कबीर ने कहा, चुनौतियां मौजूद हैं। शेख हसीना जैसे आतंकी का बांग्लादेश से भागकर भारत जैसे संप्रभु देश में रहना चिंता का विषय है। भारत सरकार को उनकी आतंकी गतिविधियों में शामिल या सहयोगी नहीं दिखना चाहिए, जो बांग्लादेश को अस्थिर कर सकती हैं।

नई बीएनपी सरकार ने यह भी साफ किया है कि वह भारत के साथ संतुलित संबंध चाहती है। उनका कहना है कि शेख हसीना के 15 साल के शासन के दौरान बांग्लादेश की विदेश नीति को भारत की विदेश नीति के साथ जुड़ा हुआ माना जाता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीएनपी की बड़ी जीत के बाद तारिक रहमान को बधाई देने वाले नेताओं में सबसे पहले थे। हालांकि भारत शेख हसीना सरकार के साथ सहज रहा, लेकिन बीएनपी के साथ, यहां तक कि दिवंगत खालिदा जिया के कार्यकाल में भी, रिश्ते ठंडे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रहमान को भारत आने का निमंत्रण दिया है, लेकिन फिलहाल उनके नई दिल्ली आने की कोई योजना नहीं है। कबीर के अनुसार, रहमान के लिए घरेलू प्राथमिकताएं पहले होंगी, क्योंकि उनकी पहली चिंता आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ, लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा, "वे किसी समय भारत आएंगे। अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सही समय आने पर तय किए जाएंगे।"

# दिल्ली के पास हैलमैट बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग

नई दिल्ली, 14 फरवरी। बाहरी दिल्ली के मुडंका थाना क्षेत्र के निलौठी इलाके में शनिवार दोपहर हेलमेट बनाने की एक फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग फैक्टरी से दूर हट गए। देखते ही देखते आग ने फैक्टरी के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग के अनुसार, दोपहर करीब तीन बजे फायर कंट्रोल रूम को फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए, एक-एक कर कुल 20 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# सीटों व सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर द्रमुक और कांग्रेस में मतभेद बढ़े

## कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा 2006 के सत्ता में भागीदारी का जनादेश मिला था पर सरकार से अलग रहकर हमने गलती की

नई दिल्ली, 14 फरवरी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सत्तारूढ़ डीएमके-कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे और सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर तनाव के संकेत मिलने लगे हैं। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने दोनों दलों के बीच पावर शेयरिंग को लेकर अटकलों को फिर से हवा दे दी है।

विवाद उस वक्त गहरा गया, जब तमिलनाडु सरकार में मंत्री राजा कन्नप्पन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि डीएमके आगामी विधानसभा चुनाव में 160 से 170 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और पार्टी को भरोसा है कि वह 160 सीटें तक जीत सकती है।

उनके इस बयान पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सवाल उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 2021 में आपने 173 सीटों पर चुनाव लड़ा और 133 सीटें जीतीं। हम उन सीटों के बारे में पूछ रहे हैं, जहां आप हारे थे। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता में हिस्सेदारी जरूरी है। सत्ता में भागीदारी हमारा अधिकार है। फैसला जनता करेगी।

**■ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने साफ कहा, कांग्रेस के साथ गठबंधवन जारी रहेगा पर सत्ता में भागीदारी का कोई सवाल ही नहीं है।**

कांग्रेस नेता टैगोर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब राज्य सरकार में कांग्रेस की भागीदारी को लेकर लगातार चर्चा और खंडन हो रहे हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में साफ किया था कि तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा, लेकिन सरकार में सत्ता साझेदारी का कोई प्रावधान नहीं होगा। इससे कांग्रेस के कुछ नेताओं की मंत्री पद की मांगों पर विराम लग गया।

स्टालिन के बयान के बाद टैगोर ने फिर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता तय करेगी कि यह गठबंधन सरकार होगी या एकदलीय सरकार। वर्ष 2006 में जनता के जनादेश को लागू न करना तमिलनाडु कांग्रेस की गलती थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



भारत की टीम मजबूत और संतुलित है, लेकिन मैच के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी होगा। उन्होंने कहा, भारत यह मैच जीतेगा। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक जैसा अच्छा स्पिनर है, इसलिए उसे संभलकर खेलना होगा।

– हरभजन सिंह

पुर्व भारतीय खिलाड़ी भारत व पाक मैच को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## लोर्कन टकर



आयरलैंड के लिए कप्तान लोर्कन टकर ने 10 चौके और चार छक्के की मदद से 51 बॉल पर नाबाद 94 रन बनाए। टकर यदि 6 रन और बनाते, तो वो टी20 वर्ल्ड कप में शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बन जाते। लेकिन वो इतिहास रचने से चूक गए। जॉर्ज डॉकरेल ने पारी के आखिरी ओवर में टकर को दोबारा स्ट्राइक नहीं दिया और बड़े-बड़े शॉट्स लगाए। इसमुकाबले में आयरलैंड ने 5 विकेट पर 235 रन बना डाले साथ ही मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप किसी टीम का ये उच्चतम स्कोर भी है। साथ ही आयरलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी दर्ज किया।

**क्या आप जानते हैं ?... विल्ट चेम्बरलेन ने एक सीज़न में उच्चतम पीपीजी औसत ( 50.4 ), एक सीज़न में उच्चतम एमपीजी औसत ( 48.5 ) और एक ही गेम में सबसे अधिक अंक ( 100 )**

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

**आज के मुकाबले**

पहला मैच वेस्ट इंडीज व नेपाल सुबह 11 बजे

दूसरा मैच अमेरिका व नामीबिया दोपहर 3 बजे

तीसरा मैच भारत व पाकिस्तान शाम 7 बजे

## साउथ अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत, न्यूजीलैंड की पहली हार

**नई दिल्ली 15 फरवरी।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार के तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया। इस जीत से टीम ग्रुप डी की पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। जबकि न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। अफ्रीकी टीम ने 176 रन का टारगेट 17.1 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया।

डेविड मिलर ने सिक्स लगाकर टीम को जीत दिलाई। जबकि ऐडन मार्करम ने नाबाद 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 44 बॉल की पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। मिलर ने नाबाद 24 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने




21, रायन रिकेल्टन ने 21 और क्विंटन डी कॉक ने 20 रन का योगदान दिया। कीवियों की ओर से मार्क चापमन ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। डेरिल मिचेल ने 32 और फिन एलन ने 31 रन का योगदान दिया। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके।

## कुंबले-द्रविड़ के नाम पर दो स्टैंड्स होंगे

**नई दिल्ली 15 फरवरी।** बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के 50 साल इंटरनेशनल क्रिकेट के पूरे होने पर स्टेडियम के दो स्टैंड्स का नाम अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ के नाम पर रखा गया है। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद की अगुवाई में आयोजित इस समारोह में कुंबले और द्रविड़ को भारतीय और कर्नाटक क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर दोनों ही खिलाड़ी भावुक नजर आए और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा कीं। अनिल कुंबले के लिए यह पल बेहद खास था। उन्होंने कहा, मैं पहली बार 9 साल की उम्र में एक दर्शक के तौर पर यहां मैच देखने आया था। आज इसी स्टेडियम के पवेलियन पर अपना नाम देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है और मैं थोड़ा इमोशनल भी हूं। चिन्नास्वामी स्टेडियम का 50 साल का सफर दरअसल भारतीय क्रिकेट की ग्रोथ को भी दिखाता है।

## आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराया

### इस वर्ल्डकप का सबसे बड़ा स्कोर बना




नई दिल्ली 15 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप के 22वें मुकाबले में आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला टीम के लिए उलटा साबित हुआ।

आयरलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 235 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। लॉर्कन टकर (94 ) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान के लिए ओपनर आमिर कलीम ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 29 हॉल पर 50 रन बनाए। उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 बॉल पर 46 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 3, मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मैकार्थी ने 2-2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल को 1 विकेट मिला। आशीष ओडेदरा और हम्माद मिर्जा रन आउट हुए।

आयरलैंड के लिए कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी ने शानदार अर्धशतक जड़े। टकर ने 51 गेंदों पर नाबाद 94 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि डेलानी ने 30 गेंदों में 56 रन बनाए। वहीं जॉर्ज डॉकरेल ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के जड़ते हुए महज 9 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाकर पारी को धमाकेदार अंदाज में समाप्त किया।

## 'हैंडशेक विवाद पर भारत व पाक कप्तान ने दी प्रतिक्रियाएं'

### एशिया कप में हाथ नहीं मिलाया था

नई दिल्ली 15 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले से पहले शनिवार को कोलंबो में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने हैंडशेक विवाद पर कहा- इसका जवाब हम कल मैदान पर देंगे। इसके बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी हैंडशेक को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर वे बोले- 24 घंटे इंतजार कीजिए, तब देखेंगे।





दरअसल पिछले साल हुए एशिया कप 2025 में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत सभी प्लेयर्स ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। सूर्यकुमार ने कहा था कि उनकी टीम पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाएगी। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों के सम्मान में लिया गया था।

इसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के समर्थन के तौर पर भी देखा गया था। दोनों टीमों के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला रविवार को कोलंबो में खेला जाएगा।

आगा ने माना कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने कहा, इतिहास नहीं बदल सकते। रिकॉर्ड अच्छा नहीं है, लेकिन इस बार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा की फिटनेस पर भी सवाल हुआ।

वे पेट की दिक्कत के कारण पिछले मैच में नहीं खेले थे। आगा ने कहा, उम्मीद है अभिषेक कल खेलें। हम सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खेलना चाहते हैं।

## इंग्लैंड की दूसरी जीत, स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

नई दिल्ली 15 फरवरी। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए दिन के दूसरे मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में 5 विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया।

इंग्लैंड की इस टूर्नामेंट में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। इससे पहले 8 फरवरी को टीम ने नेपाल को रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हराया था।

इस जीत के साथ इंग्लैंड ग्रुप-सी के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं, स्कॉटलैंड की तीन मैचों में यह दूसरी हार रही। इससे पहले उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ भी शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

बैंटन ने नाबाद 63 रन की पारी खेली टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के लिए



टॉम बैंटन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। विल जैक्स 10 बॉल पर 16 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इनके अलावा जैकब बेथेल ने 32, सैम करन. ने 28, हैरी ब्रुक ने 4, जोस बटलर ने 3 और फिल सॉल्ट ने 2 रन बनाए। स्कॉटलैंड के लिए ब्रैंडन मैक्मुलेन, ओलिवर डेविडसन, ब्रैड व्हील, ब्रैड करी और माइकल लीस्क को 1-1 विकेट मिला।

### वीमेन सीनियर एक दिवसीय ट्रॉफी

## राजस्थान ने उत्तराखंड को हराया

जयपुर, 14 फरवरी। वड़ोदरा में खेली जा रही वीमेन सीनियर एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने उत्तराखंड को हराया , टीम की जीत में संगीता कुमावत का शानदार शतक , सुमित्रा जाट का आल राउंडर प्रदर्शन व चंद्रज्योत्सना भाटी का अर्धशतक।

राजस्थान – उत्तराखंड मैच ( राजस्थान 27 रन से जीती )। राजस्थान पारी 258 / 6, टीम के लिए संगीता कुमावत 115 , चंद्रज्योत्सनाभाटी 68 , सुमित्रा जाट 22 , तनूजा वैषणव21 व डिंपल कँवर 21 रन। उत्तराखंडकी गेंदबाज अमीषा , रीना 2 – 2 विकेट। उत्तराखंड पारी 231 आल आउट टीम के लिए राघवी70 रन। राजस्थान की गेंदबाज सुमित्रा जाट 33 / 3 , संगीता कुमावत 15 / 2 , सुमन मीणा , सिद्धि शर्मा , शानू , रिंकू टांक, सोनल कलाल 1 – 1 विकेट । हरियाणा के लाहली में खेले जा रहे राजस्थान –हरियाणाअंडर 23 मैच के दूसरे दिन राजस्थान के गेंदबाजों से शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।

राजस्थान – हरियाणा मैच ( दूसरे दिन का स्कोर )

राजस्थान पहली पारी 215 आल आउट। हरियाणापहली पारी 194 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 26 / 3 , मोहित छांगरा33 / 2 , अनिरुद्ध सिंह 53 / 2 व दीपेंद्र सिंह 67 / 2 विकेट। राजस्थान दूसरी पारी 87 / 1, दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सुमित गोदारा नाबाद 30 , सचिन यादव नाबाद 26 रन बनाकर खेल रहे हैं व रजत बघेल 29रनबनाकर पवेलियन लौटे।

## मोहित जंगम के ताबड़तोड़ शतक से मुख्यालय की टीम जीती



जयपुर, 14 फरवरी। जयपुर के स्थानीय गणपति नगर रेलवे ग्राउंड पर चल रहे इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट के दिन के दूसरे मुकाबले में एसएन यादव की कप्तानी और मोहित जंगम के ताबड़तोड़ शतक से मुख्यालय ने जोधपुर डिविजन को 7 विकेट से हराया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर डिवीजन ने 155 रन बनाए। जिसमें जितेंद्र ने 42 रन व सुनील चौधरी ने 30 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में अरबाज, पराग व निर्मल ने 2-2 विकेट चटकाए।

जवाब में मुख्यालय की टीम ने 17.5 ओवर में ही 158 रन बना दिए। जिसमें मोहित जंगम ने 100 रन बनाए व पराग ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में परमवीर ने 2 विकेट चटकाए। मैन ऑफ़ द मैच मोहित जंगम।

## राजस्थान यूथ ने चंबल स्पोर्ट्स को हराया

### के एल सैनी 'ए' डिवीजन लीग



जयपुर,14 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने चंबल स्पोर्ट्स क्लब को 5 विकेट से हराया।

प्रात: के एल सैनी स्टेडियम पर चंबल स्पोर्ट्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान यूथ के गेंदबाजी के सामने मात्र 7 रन पर ही 3 विकेट गंवाने के बाद अमन सिंह के 45 रन, तोषित भाटिया के 51 रन व भुवन शर्मा के 72 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 बनाने में सफल हुई। राजस्थान यूथ के लिए हिमांशु राणा ने 42 पर 3, शुभम खंडेलवाल ने 26 पर 3, शुभम पटवाल ने 43 पर 2 व गौरव पुनिया ने 49 पर एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने 0 पर 2 विकेट गंवाने के बाद भावित कुमावत के नाबाद 107 रन (85 गेंद, 11 चौके व 6 छक्के), शुभम सिंह पटवाल के 67 रन (47 गेंद, 5 चौके व 5 छक्के) से 30 ओवर में 5 विकेट पर 214 रन बनाकर जीत दर्ज की। चंबल स्पोर्ट्स के लिए अभिजय भंडारी ने

48 पर 3, पूरव शर्मा व अनुज मीणा ने एक – एक विकेट लिया। राजस्थान यूथ ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

## ज्ञान विहार स्कूल का स्पोर्ट्स डे संपन्न



जयपुर, 14 फरवरी। मालवीय नगर डी ब्लॉक स्थित ज्ञान विहार स्कूल का वार्षिक स्पोर्ट्स डे ऊर्जा और उमंग के साथ आयोजित हुआ जहां विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को विशेष और यादगार भी बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ में प्रिंसिपल डॉ ऋत्विज गौड़ तथा ग्रैंडपेरेंट् सुरेश कुमार के खेल मशाल प्रज्ज्वलन के साथ ओपन मीट की उद्घोषणा की।

रेनू शब्द मुखर ने बताया कि विभिन्न दौड़, रिले रेस बैलेंसिंग गेम्स आदि की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योग और सूर्य नमस्कार में सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रवीण मैढ़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए

जयपुर, 14 फरवरी। रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक बैठक एवं नई कार्यकारिणी के चुनाव राजधानी दिल्ली में 13, 14 फरवरी 2026 को संपन्न हुए। जिसमें राजस्थान जोधपुर से प्रवीण मैढ़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद निर्वाचित हुए प्रवीण मैढ़ ने बताया कि दिल्ली में सम्पन्न हुए नई कार्यकारिणी के चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर डॉ रवि दत्त (हिमाचल प्रदेश) महासचिव निर्देश शर्मा (दिल्ली) एवं कोषाध्यक्ष तरसीम शर्मा (जम्मू कश्मीर) निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। साथ ही राजस्थान रोप स्किपिंग एसोसिएशन के सचिव अजीत सिंह को राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया है।



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण मैढ़ ने बताया की वर्तमान में रोप स्किपिंग विश्वविद्यालय, सीबीएसई,केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय संगठन में मान्यता प्राप्त खेल है, परंतु राजस्थान माध्यमिक शिक्षा में यह खेल अभी जुड़ा हुआ नहीं है, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में इसे नियमित एवं मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्वीकृति प्रदान करवाना हमारा प्रथम लक्ष्य रहेगा।

इस अवसर पर रोप स्किपिंग एसोसिएशन राजस्थान के सचिव अजीत सिंह ने कहा है कि रस्सी कूद पूरे शरीर की शारीरिक क्षमता में वृद्धि करती है, निरोग रखती है और दिन भर नई ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार करती है। उन्होंने ने बताया कि वर्ष 2026 की नेशनल प्रतियोगिता धारवाड़ कर्नाटक में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। नेशनल प्रतियोगिता से पूर्व जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने कहा ग्रीष्म अवकाश में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों हेतु दो दिवसीय शिविर एवं कोच एवं जज का प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय शिविर राजस्थान के विभिन्न शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

## ईटन कॉलेज ने मेयो कॉलेज को हराकर जीता टेस्ट मैच

जयपुर, 14 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत शनिवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर ईटन कॉलेज वर्सेज मेयो कॉलेज टेस्ट मैच का आयोजन हुआ। इस एकतरफा मुकाबले में ईटन कॉलेज ने मेयो कॉलेज को 8-1 के स्कोर से शिकस्त देकर मैच अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने प्रदान की।

विजेता टीम ईटन कॉलेज से रैमन पेपा ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 5 गोल हासिल किए। सुजान सिंह/जैक ओगिल्वी थॉम्पसन, हैरी वुड प्रत्येक ने 1-1-1 गोल किया। कॉर्नेलियस निक्स भी टीम से खेले। वहीं, मेयो कॉलेज से शिवांश सिंह शक्तावत ने 1 गोल किया। टीम की ओर से कुशवर्धन सिंह, देवव्रत सिंह झालामंड/प्रताप सिंह कानोता और विजयश्री शक्तावत भी खेलीं। यह मैच देखने के लिए मेयो कॉलेज के छात्र अजमेर से विशेष जयपुर आए थे।




रैफल्स सिरमौर कप का फाइनल आज: रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) का फाइनल मुकाबला 15 फरवरी, रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। यह फाइनल टक्कर कैरेसिल सुहाना और जयपुर अरावली के बीच होगी।

## डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के छठे सीजन का आयोजन एक से पाँच अप्रैल तक

जयपुर, 14 फरवरी। डीपी टीएल लीग पेट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि छठे संस्करण डीपीटील का आयोजन 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक जय क्लब में आयोजित किया जाएगा। लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने बताया की इस वर्ष सीनियर वर्ग में सोलह टीमें और जूनियर वर्ग में पाँच टीमें भाग लेंगी।इस वर्ष प्रतियोगिता में दबंग /मलंग जोड़ी और एकल प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। लीग सचिव डा अनिल यादव ने बताया कि इस वर्ष प्रथम बार डॉक्टर्स व उनके परिवार जन के लिए पिकल बॉल लीग का भी आयोजन किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि पिकल लीग डॉक्टर्स के लिए पहली बार आयोजित की जा रही है ।

लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिया के लिए टीम में खिलाडियों का चयन ट्रायल के द्वारा 15 मार्च को होगा व खिलाड़ियों का ऑक्शन 22 मार्च को होगा । लीग कॉर्डिनेटर डॉ संकल्प अवस्थी ने बताया कि इस बार डीपीटीएल ट्राईओ चैम्पियनशिप का भी आयोजन किया जाएगा ।

लीग चयनकर्ता डॉ दीपक गुप्ता और डॉ सचिन खटटर ने बताया की ट्रायल में जयपुर के अलावा चूरू, सीकर , झुंझुनू, भरतपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, अजमेर, जालोर इत्यादि जिलों के अलावा राज्य के बाहर से करीब 175 खिलाडी भाग लेंगे।लीग कॉर्डिनेटर

डा दीपाली पाठक ने बताया की टेनिस के खेल को महिला



चिकित्सकों में बढ़ावा देने के लिए दूसरी बार वूमेंस ओपन टेनिस चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक सैनी ने बताया की डीपीटील में छ से ग्यारह वर्ष के वर्ग के बच्चों के लिए ओपन सिंगलस और डबलस टेनिस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।




Splendor+

शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
~~₹ 80 491~~ ₹ 74 452#
GST लाभ ₹ 6 039

कॉर्पोरेट ऑफ़र्स/किसान योजना
₹2 200~
तक

डाउन पेमेंट
₹7 999$
से शुरू

EMI पर इंस्टेंट कैश बैक
₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
Stand a chance to win
Gold and Silver Coins
and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN:L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ Drum Brake Variant in Rajasthan.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: महाना मोटर्स, 9351591591.